हरिभूमि
# रेवाड़ी भूमि
रोहतक, सोमवार, 17 जून 2024

तापमान
अधिकतम 45.0 डिग्री
न्यूनतम 31.0 डिग्री

11 पिता से बड़ा परिवार के प्रति प्यार और समर्पण का और कोई उदाहरण नहीं



12 18 महीने में पूरा होने वाला आरओबी निर्माण तैंतीस महीने में भी अधूरा



## खबर संक्षेप

### गाड़ी चालक का रास्ता रोककर मारपीट

**धारूहेड़ा।** करण वाटिका के पास एक गाड़ी चालक का रास्ता रोककर मारपीट करने के आरोप में पुलिस ने कई लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया है। यूपी के मोहम्मदपुर राई निवासी गाड़ी चालक धर्मेंद्र ने बताया कि उसका खुशखेड़ा में धर्मेंद्र नाम के युवक के साथ विवाद हो गया था। इसके बाद वह गाड़ी लेकर मुजफ्फरनगर के लिए चला था। करण वाटिका के पास एक कार और बाइक से आए कुछ लोगों ने उसकी गाड़ी रुकवाकर मारपीट की। शोर मचाने पर आरोपी वहां से फरार हो गए। पुलिस ने केस दर्ज करने के बाद जांच शुरू कर दी।

### किसान के खेत से फव्वारा नोजल चोरी

**धारूहेड़ा।** मालाहेड़ा में रात के समय चोर एक किसान के खेत से फव्वारा नोजल कर ले गए। पुलिस शिकायत में हरिओम ने बताया कि उसने कपास की खेती की हुई है। फसल को पानी लगाने के लिए उसने अपने खेत में फव्वरा सैट लगाया हुआ है। रात के समय चोर खेत से 9 फव्वारा नोजल चोरी कर ले गए। सुबह जब वह खेत में गया तो उसे नोजल गायब मिले। काफी तलाश के बाद भी चोरों का कोई पता नहीं चल सका। पुलिस ने केस दर्ज करने के बाद जांच शुरू कर दी।

### रास्ता रोककर मारपीट के आरोप में दो काबू

**खोल।** थाना खोल पुलिस ने नांध गांव में रास्ता रोककर मारपीट करने और जान से मारने की धमकी देने के आरोपी बाप-बेटे को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने घायल के बयान पर गत 26 अप्रैल को विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज किया था। इस मामले में पुलिस ने आनंदपाल व उसके बेटे प्रवीण को गिरफ्तार कर लिया। तफ्तीश में शामिल करने के बाद पुलिस ने दोनों को पुलिस बेल पर रिहा कर दिया।

### रसगण गांव से बिजली ट्रांसफार्मर चोरी

**धारूहेड़ा।** रसगण गांव से चोर एक बिजली ट्रांसफार्मर चोरी कर ले गए। पुलिस शिकायत में बिजली निगम के एसडीओ ने बताया कि गांव के किसान दीपक कुमार ने फोन पर सूचना दी कि एक 63 केवीए क्षमता का बिजली ट्रांसफार्मर चोरी हो गया है। इससे कई किसानों की बिजली बाधित हो गई। बिजली निगम को ट्रांसफार्मर चोरी होने से लगभग 1.10 लाख रुपये का नुकसान हुआ है। इससे पूर्व भी इस क्षेत्र में ट्रांसफार्मर चोरी हो चुके हैं। पुलिस ने बिजली एक्ट के तहत केस दर्ज करने के बाद जांच शुरू कर दी।

### सूमाखेड़ा में घर से लापता हुआ व्यक्ति

**जाटूसाना।** सूमाखेड़ा से एक व्यक्ति अचानक घर लापता हो गया। पुलिस शिकायत में महेश यादव ने बताया कि उसका पिता 52 वर्षीय चंद्रभान 12 जून को अचानक घर से कहीं चला गया। उसके बाद जब फोन पर संपर्क किया गया तो उसके पिता का मोबाइल लगातार स्विच ऑफ आ रहा है। रिश्तेदारियों और दूसरे स्थानों पर तलाश करने के बाद भी उसके पिता का कोई पता नहीं चल सका है। जाटूसाना पुलिस ने उसकी शिकायत पर केस दर्ज करने के बाद लापता व्यक्ति की तलाश शुरू कर दी।

### बाइकों की भिड़ंत में दोनों के चालक घायल

**जाटूसाना।** फतेहपुरी के निकट दो बाइकों की भिड़ंत में दोनों के चालक घायल हो गया। कंवाली निवासी मनमोहन दड़ौली में एक कुआं पूजन समारोह में भाग लेने के बाद बाइक से घर लौट रहा था। फतेहपुरी के निकट सामने से आ रही एक बाइक ने उसकी बाइक को टक्कर मार दी। इस हादसे में वह बाइक से गिरकर घायल हो गया। दूसरा बाइक चालक भी गिरकर घायल हो गया। आसपास के लोगों ने दोनों को अस्पताल पहुंचाया।

## पेयजल सप्लाई के साथ सबमर्सिबल चलाकर व्यर्थ किया जा रहा पानी

# लोगों को नसीहत देकर खुद कर रहे पानी की बर्बादी, गाड़ियां धोने से सड़क पर बह रहा पानी

■ जनस्वास्थ्य विभाग पानी बचाने के लिए लोगों को कर रहा जागरूक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

गर्मी के मौसम में पानी की खपत बढ़ने के साथ लोगों को हर बार पानी की किल्लत का सामना करना पड़ता है। ज्यादातर घरों में पेयजल सप्लाई के कनेक्शन के साथ सबमर्सिबल भी लगवाया हुआ है। इस समय नहर नहीं आने पर शहर में राशनिंग करके पानी की सप्लाई दी जा रही है।

सरकार की ओर से पानी की बर्बादी रोकने के लिए कदम भी उठाए जा रहे है। जनस्वास्थ्य विभाग व जल एवं स्वच्छता सहायक संगठन की ओर से गांवों में अभियान भी चलाया जा रहा है, जिसमें अवैध कनेक्शनों व व्यर्थ पानी बहाने वाले लोगों पर कार्रवाई की जा रही है, लेकिन शहर में रोजाना हजारों लीटर पानी बेखौफ सड़कों पर बहाया जा रहा है। लोगों को नसीहत देकर वाशिंग स्टेशनों का चालान करने वाली नगर परिषद के कार्यालय में ही पानी व्यर्थ बहाया जा रहा है। सेक्टरों व कॉलोनियों के लोग प्रतिदिन वाहन धुलाई, घरों को धोने व घर के आगे छिड़काव करके हजारों लीटर पानी बहा रहे है। पानी की सप्लाई न आने पर समर्सिबल चलाकर पानी को व्यर्थ बहा रहे है।





रेवाड़ी। शाम के समय नप कार्यालय से नली लगाकर डंपर धोते हुए कर्मचारी, नल की टोंटी टूटने से सड़क पर जमा सप्लाई का पानी। फोटो :हरिभूमि

### प्रशासन की पाबंदी पर नहीं दिखा असर

पानी बबार्दी रोकने के लिए प्रशासन ने प्रातः 5 बजे से प्रातः 9 बजे के बीच व्यर्थ पानी बहाने पर पांबदी लगाई थी। सुबह पीने के पानी की आपूर्ति के दौरान वाहनों एवं आंगन को धोने पर पांबदी है। पीने के पानी की आपूर्ति के दौरान घास के मैदान व पार्क में पानी देना बंद है। पंप एवं मोटरों को सीधे ऑनलाइन सप्लाई से जोड़ना बंद है। यदि बूस्टर पंप सीधे पानी के पाइप लाईन से जोड़ा गया तो जब्त भी कर लिया जाएगा। कोई भी वाशिंग स्टेशन बिना सक्षम प्राधिकरण के चल रहा है, तो उसकी पानी की आपूर्ति को बंद करने के साथ ही सील कर दिया जाएगा। इसकी पालना नहीं करने पर प्रथम बार उल्लंघन करने पर 5000 रुपये, द्वितीय बार उल्लंघन करने पर 5000 रुपये के अतिरिक्त जुर्माने के साथ नल सप्लाई कनेक्शन काटा जाएगा।

इसके बाद दोबारा जल आपूर्ति का कनेक्शन जुर्माने के साथ 1000 रुपये का शुल्क देने पर दिया जाएगा।

### नप कार्यालय में बहाया जा रहा पानी

डीसी के आदेश के बाद नगर परिषद की ओर से जून माह के पहले सप्ताह में दो वाशिंग स्टेशनों के दो-दो हजार के चालान काटे गए थे, लेकिन इसके बाद अभियान चलता नजर नहीं आ रहा है और लोग पानी को व्यर्थ बहा रहे है। महाराणा प्रताप चौक स्थित नगर परिषद कार्यालय में ही पानी की बर्बादी की जा रही है। कचरा कलेक्शन की गाड़ियों व डंपरों को धोने से सड़क पर पानी व्यर्थ बह रहा है।

### गांवों में चलाया जा रहा अभियान

जनस्वास्थ्य विभाग की ओर से ग्रामीण क्षेत्रों में पानी की बर्बादी को रोकने के लिए अभियान चलाया जा रहा है, क्योंकि लोगों ने पेयजल सप्लाई के काफी संख्या में अवैध कनेक्शन जोड़े हुए है तथा विभाग को नुकसान पहुंचाने के साथ व्यर्थ पानी बहा रहे है। पीने के पानी का इस्तेमाल पशुओं को नहलाने, वाहनों को धोने, सब्जियों व घास में देने के लिए किया जा रहा है। गत दिवस ही विभाग की ओर से गांव पानी में 22 के करीब लोगों के अवैध कनेक्शन काटे गए है। विभाग की ओर से लोगों से कनेक्शन वैध कराने की अपील भी की जा रही है।



रेवाड़ी। कार्यक्रम में डिग्री लेते हुए प्रवक्ता सुधा शर्मा। फोटो :हरिभूमि

### प्रवक्ता सुधा ने 52 साल की उम्र में दर्शनशास्त्र में किया टॉप

**बावल।** पढ़ाई के लिए उम्र नहीं जज्बा मायने रखता है। बावल के तिवाड़ी चौक निवासी व गांव नांगल शहबाजपुर के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में समाजशास्त्र प्रवक्ता पद पर कार्यरत 52 वर्षीय सुधा शर्मा ने दर्शनशास्त्र विषय में एमए की डिग्री प्राप्त की है। सुधा शर्मा राजऋषि भतृर्हरि मत्स्य विश्वविद्यालय अलवर की टॉप रही हैं। विश्विद्यालय में आयोजित दीक्षांत समारोह में राजस्थान के राज्यपाल कलराज मिश्र ने सुधा शर्मा को गोल्ड मेडल देकर सम्मानित किया। उन्होंने सात विषयों में एमए की डिग्री हासिल की है। प्रवक्ता ने बताया कि उन्होंने एमए हिंदी, अंग्रेजी, संस्कृत, समाजशास्त्र, राजनीतिक विज्ञान, भूगोल व दर्शनशास्त्र में एमए की डिग्री उत्तीर्ण की है। प्रवक्ता शर्मा ने बताया कि उनको लगातार पढ़ने की प्रेरणा उनके पिता एडवोकेट हरद्वारी लाल तिवाड़ी से मिली। उनकी सबसे बड़ी प्रेरणास्त्रोत उनकी सास पुष्पलता शर्मा सेवानिवृत्त हिंदी प्राध्यापिका हैं।

### कोसली में दुकान से लाखों के इन्वर्टर व बैट्री चोरी


**कोसली।** कोसली के तहसील रोड पर शुक्रवार रात अज्ञात चोर एक दुकान के शटर के ताले तोड़कर लाखों रुपये के इन्वर्टर व बैट्री चोरी कर ले गए। कोसली गांव निवासी दुकानदार अजय कुमार ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि शुक्रवार सायं करीब 7 बजे वह अपनी दुकान बंद करके घर चले गए थे। शनिवार सुबह जब वह अपनी दुकान पर आए तो दुकान के शटर ताले टूटे हुए और शटर थोड़ा उठा हुआ था। उन्होंने डायल 112 पर काल कर पुलिस को सूचना दी। पुलिस के आने के बाद दुकान को चैक किया तो इन्वर्टर की 18 नई बैट्री, ट्रैक्टर की 7 बैट्री, चार नए इन्वर्टर, 7 पुराने इन्वर्टर और 6 गाड़ियों की पुरानी बैट्री गायब थी तथा गल्ले से पर्स में रखे 35000 रुपये व कैश मैमो बुक में रखे 120000 रुपये व लेजर भी चोरी हो गया। चोरी की वारदात सीसीटीवी में रिकार्ड हो गई। सीसीटीवी कैमरे की फुटेज में 4 अज्ञात व्यक्ति शुक्रवार रात चोरी करके जाते दिखाई दे रहे है। पुलिस ने उसकी शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया है।

## एमबीए के लिए 27 तक आवेदन, प्रवेश परीक्षा के आधार पर 60 सीटों पर होंगे दाखिले

■ प्रवेश परीक्षा कुल 100 नंबर की होगी, नेगेटिव मार्किंग नहीं होगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय मीरपुर के प्रबंधन विभाग में एमबीए प्रोग्राम के सत्र 2024-25 में दाखिले के लिए 27 जून तक आवेदन कर सकते है। विभागाध्यक्ष डा. समृद्धि ने बताया कि विभाग में एमबीए की कुल 60 सीटों पर दाखिले प्रवेश परीक्षा के आधार पर होंगे। प्रवेश परीक्षा कुल 100 नंबर की होगी। परीक्षा में इंग्लिश, जनरल अवेयरनेस, मैनेजमेंट एप्टीट्यूड व रिजनिंग के 25-25 नंबर के सवाल पूछे जाएंगे। प्रवेश परीक्षा 4 जुलाई को होगी, जिसका परिणाम 11 जुलाई को घोषित होगा। इस बार प्रवेश परीक्षा में नेगेटिव मार्किंग नहीं होगी। दाखिले के लिए पहली फिजिकल काउंसलिंग 17 जुलाई को होगी। उन्होंने बताया कि विभाग की ओर से एचआर, मार्केटिंग, फाइनेंस व आईबी में ड्यूल स्पेसलाइजेशन के अनुसार दो वर्षीय एमबीए डिग्री प्रदान की जाती है। विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए मैनेजमेंट क्लब बनाया गया है, जिसके अंतर्गत सांस्कृतिक गतिविधियां, खेलकूद व इंडस्ट्रियल विजिट का निरंतर आयोजन किया जाता है। हरियाणा सरकार के आदेशानुसार इस बार एनएसएस मेरिट सर्टिफिकेट वाले छात्रों को अतिरिक्त 5 अंक भी दिए जाएंगे। अभ्यर्थी विवि की ऑनलाइन वेबसाइट आईजीयूएसी इन पर आवेदन कर सकते है। इसके बाद फॉर्म की हार्ड कॉपी सभी जरूरी दस्तावेज के साथ विभाग में 8 जुलाई तक जमा करानी जरूरी है।



रेवाड़ी। आईजीयू में पढ़ाई करते हुए एमबीए के विद्यार्थी। फोटो :हरिभूमि

## पुलिस ने दिलाया था जमीन का कब्जा, दोबारा से कब्जा करने का प्रयास

**रेवाड़ी।** खेड़ा मुरार में कोर्ट के आदेश पर भूमालिक को पुलिस ने कब्जा दिला दिया, परंतु दूसरी पार्टी चंद घंटे बाद ही धमकी देकर जमीन के पोल उखाड़ ले गई। पुलिस ने कई लोगों के खिलाफ धमकी देने और चोरी का केस दर्ज किया है। पुलिस शिकायत में शिव नारायण ने बताया कि उसने विवादित जमीन का कब्जा हासिल करने के लिए तहसीदार की कोर्ट में केस दायर किया हुआ था। उसके पक्ष में फैसला आने के बाद पुलिस ने ड्यूटी मजिस्ट्रेट की मौजूदगी में उसे जमीन का कब्जा दिला दिया था। जमीन का इंतकाल भी उसके नाम चढ़ गया है। उसने आरोप लगाया कि 14 जून की रात अमित, अनिल, अशोक, काला, देशराज व बलराम कई अन्य लोगों को अपने साथ लेकर उसके खेत में पहुंच गए। यह लोग लाठी-डंडों से लैस थे। उसे जान से मारने की धमकी देते हुए आरोपी जमीन पर गाड़े गए पोल व तार-जाल चोरी कर ले गए। उसने आरोप लगाया कि यह लोग जमीन पर फिर से कब्जा करने का प्रयास कर रहे हैं। पुलिस ने उसकी शिकायत पर केस दर्ज करने के बाद जांच शुरू कर दी।



रेवाड़ी। कब्जा हटवाने के लिए पहुंची पुलिस। फोटो :हरिभूमि

### कंपनी कर्मचारी ने सिक्योरिटी गार्ड को धुना, केस दर्ज

**धारूहेड़ा।** जोनियावास में एक कंपनी के सिक्योरिटी गार्ड को कर्मचारी ने मारपीट करते हुए अस्पताल पहुंचा दिया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज करने के बाद उसकी तलाश शुरू कर दी।

पुलिस बयान में मूल रूप से बिहार के जगदीशपुर निवासी पिटू कुमार ने बताया कि वह एक कंपनी में सिक्योरिटी गार्ड लगा हुआ है। इस कंपनी के हाउस कीपिंग डिपार्टमेंट में काम करने वाला शोभित जब शनिवार को कंपनी में आया तो उसने शराब पी रखी थी। एल्कोहल टेस्ट करने के बाद उसने सिक्योरिटी सुपरवाइजर को उसकी शिकायत की थी। उस समय शोभित ने उसे देख लेने की धमकी दी थी। शनिवार रात जब वह कंपनी से कमरे पर जा रहा था, तो रास्ते में शोभित ने उसे रोककर डंडों से पीटना शुरू कर दिया। शोर मचाने पर वह धमकी देते हुए फरार हो गया। कंपनी के सिक्योरिटी सुपरवाइजर ने उसे अस्पताल पहुंचाया। पुलिस ने उसके बयान पर आरोपी के खिलाफ केस दर्ज करने के बाद उसकी तलाश शुरू कर दी।

## बंदियों को ले जा रही वैन रास्ते में खराब, वापस लाए हवालात

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

कोर्ट से बंदियों को जेल तक पहुंचाने वाले वाहनों की दशा ठीक नहीं है। शनिवार शाम गैंगरेप के दो आरोपियों को कोर्ट के आदेश पर भोंडसी जेल छोड़ने जा रही पुलिस वैन रास्ते में खराब हो गई। इसके बाद दोनों आरोपियों को वापस हवालात में लाकर बंद किया गया। रविवार सुबह उन्हें भोंडसी जेल रवान किया गया। करीब 14 वर्षीय नाबालिग के साथ गैंगरेप के मामले में मॉडल टाउन थाना पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया था। तीनों को कोर्ट व जुवेनाइल कोर्ट में पेश करने के बाद नाबालिग को बाल सुधार गृह फरीदाबाद भेजने के आदेश जारी हुए थे। दो आरोपियों राहुल व धर्मबीर को कोर्ट ने भोंडसी जेल भेजने के आदेश दिए थे। इसके बाद पुलिस दोनों आरोपियों को लेकर कोर्ट परिसर से भोंडसी जेल के लिए निकल पड़ी थी। शहर से बाहर जाने के बाद पुलिस वैन खराब हो गई। काफी देर तक प्रयास करने के बाद भी गाड़ी ठीक नहीं हुई। इसके बाद दोनों आरोपियों को पुलिस थाने के लॉक-अप में बंद किया गया। उन्हें रविवार सुबह भोंडसी जेल भेजा गया।

**मौसम** | आज तापमान में और वृद्धि होने की संभावना, इसके बाद मौसम में बदलाव की उम्मीद

# आसमान साफ होते ही मौसम के तेवर तल्ख, आसमान से बरसी आग से चढ़ा पारा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

दो दिन पूर्व जिले के कई इलाकों में हुई हल्की बरसात के बाद तापमान में गिरावट आने के बाद मौसम साफ होते ही गर्मी के तेवर फिर से तल्ख हो गए। तापमान एक बार फिर 45 डिग्री पर पहुंचते ही दिन भर गर्मी पसीने छुड़ाती रही। पश्चिम विक्षोभ की सक्रियता इस सप्ताह में मौसम में बड़ा बदलाव ला सकती है। सप्ताह के मध्य हल्की बरसात या बूंदबांदी की संभावना जताई जा रही है, जिससे लोगों को लू के प्रकोप से छुटकारा मिलने की उम्मीद है। गत वर्ष अप्रैल और मई माह में बार-बार बरसात होती रही थी। इस बार मई माह पूरा सूखा निकल गया। जून का पहला पखवाड़ा भी बिना बरसात पूरा हो गया। बीते साल की तुलना में इस बार लोगों को भयंकर गर्मी का सामना करना पड़ा है। बीते शुक्रवार को रात का तापमान कई साल बाद 37.5 डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गया था, जिस कारण हीटवेव ने रातों की नींद हराम कर दी थी। दो दिन पूर्व हल्की बरसात ने तापमान में गिरावट लाने का काम किया था। रविवार को सुबह से ही आसमान साफ होने के कारण आसमान से सूरज की आग निकलती रही। अधिकतम तापमान 1 डिग्री सेल्सियस बढ़कर 45 डिग्री पर पहुंच गया। न्यूनतम तापमान 3.5 डिग्री सेल्सियस बढ़कर 31.5 डिग्री पर आ गया। इससे एक बार फिर रात गर्म होने लगी हैं। सुबह से ही तेज धूप के कारण जनजीवन प्रभावित रहा। हीटवेव के कारण दोपहर के समय लोगों का घरों से बाहर निकलना मुश्किल बना रहा। दोपहर बाद तक लोग घरों में ही दुबके रहे, जिससे सड़कों और बाजार में रौनक गायब रही। बारिश का इंतजार इस बार लंबा होता जा रहा है। नौतपा के बाद प्री-मानसून की बरसात राहत नहीं दिला सकी है।



रेवाड़ी। गर्मी के कारण रविवार को शहर की सड़क पर पसरा सन्नाटा।

### कल से मौसम में बदलाव की उम्मीद

मौसम विभाग के अनुसार सोमवार को पश्चिम विक्षोभ की सक्रियता से आसमान में आंशिक बादल छा सकते हैं। तापमान में 1 से 2 डिग्री सेल्सियस की वृद्धि दर्ज की जा सकती है।

18 जून से आसमान में घने बादल और तेज हवाओं के साथ बौछारों का सिलसिला शुरू हो सकता है, जो तापमान में गिरावट लाने का क्रम शुरू करेगा। इसके बाद लू का प्रकोप विदाई ले सकता है, परंतु हवा में नमी का बढ़ता स्तर उमस पैदा करते हुए परेशान कर सकता है। सप्ताह के अंत तक मौसम परिवर्तनशील बना रहने के आसार हैं।

### बिजली की मांग में आने लगी कमी

दो दिन पूर्व हुई हल्की बरसात ने बिजली निगम और उपभोक्ताओं को राहत देने का काम किया है। तापमान शिखर पर पहुंचने के बाद बिजली की खपत बढ़कर 90 लाख यूनिट के पार पहुंच गई थी। पावर सिस्टम गर्मी के कारण ओवरलोड हो रहा था। शनिवार रात तक बिजली की खपत कम होकर 78.11 लाख यूनिट पर आ गई। बीते सप्ताह सर्वाधिक 90.55 लाख यूनिट बिजली की आपूर्ति 13 जून को हुई थी। बरसात शुरू होने के बाद बिजली की खपत कम होकर 60 लाख यूनिट के आसपास आ सकती है।

### किसानों के लिए दगाबाज बना मौसम

इस बार किसानों को मौसम की मार झेलनी पड़ रही है। 7 हजार हेक्टेयर के आसपास कपास की बिजाई हो चुकी है। भारी गर्मी के कारण कपास की फसल मुरझाने लगी है। बरसात नहीं होने के कारण किसानों के लिए फसल बचाना मुश्किल साबित हो रहा है। इस बार किसान बाजरे की अगेती बिजाई भी बरसात के अभाव में नहीं कर पाए हैं। बीते साल मई माह में ही 20 हजार हेक्टेयर से अधिक भूमि पर बाजरे की बिजाई प्री-मानसून बरसात ने करा दी थी। इस समय किसानों को बरसात का बेसब्री से इंतजार है।

*मैं बग़ावत चाहता हूं। हर उस फ़र्द (व्यक्ति) के खिलाफ बग़ावत चाहता हूं जो हमसे मेहनत कराता है, मगर उस के दाम अदा नहीं करता।*

*-सआदत हसन मंटो*



*आप बस इतना करें कि इस लॉकडाउन के बाद मुझे तलाक दिला दें।' इतना कह कृति ने फोन काट दिया और किचन की ओर मुड़ गई। उसके गले में हल्का दर्द था और सिर भारी हो रहा था. एक कप चाय बनाने के लिए जैसे ही उसने किचन के दरवाजे पर कदम रखा।*
*वैभव को अंदर देख कृति के सिर पर गुस्से का बादल जैसे फट पड़ा। पैर पटकते वापस बेडरूम में आकर लेट गई।*



कहानी | दिव्या शर्मा

# शक का संक्रमण



मैं नहीं रह सकती अब एक भी दिन इस घर में। मुझे बस तलाक चाहिए। कृति के मुँह से निकले झल्लाते शब्दों को सुन वकील ने मौन साध लिया। जवाब न सुन कृति के गुस्से में जैसे मिर्च छिड़क गई।

'आप बोल क्यों नहीं रहे वकील साहब! देखिए मुझे नहीं पता कि कोरोना की क्या गाइडलाइंस हैं। आपने कहा था कि एक महीना पूरा होते ही मेरी अर्जी पर कोर्ट फैसला दे देगा!' कृति के चेहरे पर परेशानी उभर आई।

'देखिए कृति जी। कोर्ट बंद हैं और अभी खुलने के आसार भी नहीं तो केस की सुनवाई तो अभी नहीं हो सकती और मैं जज नहीं जो डिसिजन देकर आपके तलाक को मंजूर कर दूँ।' वकील ने समझाते हुए कहा।

'पर मैं यहाँ से जाना चाहती हूँ। एक महीने के चक्कर में फंस गई हूँ मैं..मुझसे उस आदमी की शक्ल नहीं देखी जा रही जिसने मुझे धोखा दिया। मैं नहीं रह सकती वैभव के साथ।' कृति के शब्दों की झुंझलाहट और मन में छिपे दर्द को वकील ने साफ महसूस किया.दो पल को खामोशी इख्तियार कर वह फिर बोला,

'आप अपनी माँ के घर चली जाएं।'

'अरे नहीं जा सकती। इस इलाके को कोरोना जोन घोषित कर दिया है। यहाँ से निकली तो चालीस दिन के क्वारनटिन कर दी जाऊंगी।' कृति ने हांफते हुए कहा।

'तो बताओ मैं क्या कर सकता हूँ?' वकील ने कहा.

'आप बस इतना करें कि इस लॉकडाउन के बाद मुझे तलाक दिला दें।' इतना कह कृति ने फोन काट दिया और किचन की ओर मुड़ गई। उसके गले में हल्का दर्द था और सिर भारी हो रहा था. एक कप चाय बनाने के लिए जैसे ही उसने किचन के दरवाजे पर कदम रखा।

वैभव को अंदर देख कृति के सिर पर गुस्से का बादल जैसे फट पड़ा। पैर पटकते वापस बेडरूम में आकर लेट गई।

छत पर घूमते पंखे के साथ पिछली यादें घूमकर उसकी आँखों के सामने तैरने लगी।

दीया बाती के नाम से मशहूर वैभव और कृति अपने कॉलेज की सबसे हॉट जोड़ी थी।

दोनों के बीच की कैमिस्ट्री को देखकर न जाने कितने दिल जल कर खाक हुए जाते थे. कृति की अदाएं और वैभव की दीवानगी जैसे रोमियो जूलियट. कृति के चेहरे पर मुस्कान लाने के लिए वैभव रोज नये ट्रिक्स करता। दोनों की दीवानगी कोई वक्ती न थी। अपने करियर के मुकाम पर पहुंच वैभव और कृति परिवार की रजामंदी से विवाह के बंधन में बंध गए।

सब कुछ बेहद खूबसूरत चल रहा था लेकिन वह एक शाम दोनों की जिन्दगी में बिजली बनकर कौंध गई। प्रेम की मजबूत दीवार पर शक के हथौड़े का वार गहरा पड़ा.वैभव ने लाख सफाई दी कि उसका मेघना के साथ सिर्फ मित्रता का संबंध है लेकिन शक की आग में चली कृति कुछ भी सुनने को तैयार नहीं थी। पंद्रह दिन बाद दोनों की शादी को दो साल पूरे हो जायेंगे लेकिन कृति उससे पहले ही वैभव से तलाक चाहती थी। कोर्ट ने एक बार दोबारा विचार करने के लिए दोनों को कुछ समय साथ रहने का फैसला सुनाया था। वैभव के लाख प्रयासों के बाद भी कृति का मन नहीं बदला बल्कि वैभव की हर कोशिश उसे सफाई नजर आती। नफरत और गुस्से से वह वैभव को शब्दबाणों से घायल करती रहती। वैभव का सयंम अभी टूटा नहीं था इसलिए उसने अपने आस पास मौन ओढ़ लिया। केस की अगली सुनवाई तक दोनों को साथ ही रहना था इसलिए मजबूरन कृति वैभव को बर्दाश्त कर रही थी। समय चल रहा था लेकिन अचानक आए कॉरोना के वायरस ने जिन्दगी की रफ्तार को जैसे थाम दिया। लॉकडाउन लग चुका था। चारों ओर डर और अफरातफरी का माहौल था। कृति अपने मायके जाना चाहती थी लेकिन उनकी सोसायटी सील कर दी गई थी क्योंकि इस बिल्डिंग में कोरोना के पॉजिटिव केस लगातार बढ़ रहे थे। मन मारकर एक ही छत के नीचे रहती कृति अंदर अंदर घुल रही थी। कृति अपने ख्यालों में खोई कमरे में चहलकदमी कर रही थी कि एंबुलेंस की तेज आवाज़ से उसका ध्यान भटका। वह भागकर बॉलकनी की ओर भागी। सामने वाली बिल्डिंग के नीचे एंबुलेंस खड़ी थी। उसके आस पास पीपीई किट पहने चार लोग खड़े थे। कृति ने ध्यान दिया तो उसे सामने वाली बिल्डिंग के चार नंबर फ्लैट की बॉलकनी में सुधा आंटी रोती नजर आई । एंबुलेंस के अंदर एक बॉडी को डाला जा रहा था। थोड़ी देर में एंबुलेंस साइरन बजाते निकल गई। सुधा आंटी के रोने की आवाज़ अब साफ नजर आ रही थी।

एंबुलेंस में उनके एकलौते बेटे रजत को ले जाया गया था।

'रजत नहीं रहा।' बगल की बॉलकनी में मुँह लपेटे पारूल खड़ी थी। उसकी बात सुनकर कृति का दिल धक से रह गया।

₹क्या बोल रही हो पारूल! यार एक ही बेटा था आंटी का। कोई नहीं है उनके पास तो.कैसे बर्दाश्त करेंगी वे यह दुख!' कृति तड़प कर बोली।

'कॉरोना जाने कितनों को अपने साथ ले जायेगा. तुमने मॉस्क नहीं पहना और तुम बाहर खड़ी हो! इतनी लापरवाही ठीक नहीं कृति।' इतना कहकर पारूल अंदर चली गयी और दरवाजा बंद कर दिया।

घबराई कृति कमरे के अंदर आकर अपने चेहरे और हाथों को साबुन से रगड़ने लगती है। सुधा आंटी का विलाप चारों तरफ फैले सन्नाटे में डर पैदा कर रहा था। कृति अपने कमरे को सेनिटाइज कर बिस्तर पर लेट गई। सिर में दर्द और गले की खराश मन में भय की तरंगें बनाने लगी। नाक से बहता पानी मस्तिष्क को बार बार झिंझोड़ रहा था. लेकिन आंटी और रजत के बारे में सोचते सोचते उसे गहरी नींद आ गई।

कृति को कमरे से बाहर न निकलते देख वैभव को चिंता हो रही थी। कृति कभी इतनी देर नहीं सोती। रात के आठ बज रहे थे और कृति चार बजे से कमरे के अंदर थी। रजत के जाने का दुख वैभव को अंदर तक हिला गया उस पर कृति का कमरे में बंद होना वैभव के मन में हजार आशंकाओं को जन्म दे रहा था। घड़ी की सूंई बढ़ती जा रही थी। नौ बज चुके थे. अब वैभव उसके कमरे के दरवाजे के बाहर जाकर खड़ा हो गया।

*कृति को अपना शरीर बिल्कुल निष्क्रिय लग रहा था वह उठ नहीं पा रही थी। कोरोना उसके शरीर को जकड़ चुका था, लेकिन वैभव उसके करीब खड़ा था। यह देख कृति वैभव को दूर जाने के लिए कहती है, 'तुम दूर रहो वैभव, मुझे कोरोना तुम भी बीमार हो जा।'इतना कहकर कृति खाँसने लगती है। उसे सांस लेने में तकलीफ महसूस हुई। तुम शांत रहो। मुझे कुछ नहीं होगा। मैंने मॉस्क और ग्लब्स पहने हैं ध्यान से देखो और तुम्हें बस वायरल बुखार है कोरोना नहीं. घबराओ नहीं. मैं चाय लाता हूँ।' इतना कहकर वैभव रसोई में चला गया. थोड़ी देर में चाय और स्टीमर उसके साथ था। कृति को चाय देके वैभव ने स्टीमर का प्लग लगाया और उसे गर्म करने लगा।*

'कृति, तुम ठीक हो न! कृति...कृति!' दरवाजे को थपथपा कर वह बोला। लेकिन कृति की कोई आवाज़ नहीं आई। वैभव ने दरवाजे को हल्के से धकेला तो कृति को बिस्तर पर बेसुध पाया. वह उसके करीब जाकर उसके माथे को छुता है। माथा भट्टी की तरह तप रहा था।

'कृति...कृति...उठो..आँखें खोलो!' वैभव उसे झिंझोड़ कर बोला। कृति अपनी आँखें खोलने की कोशिश करती है लेकिन खोल नहीं पाती।

वैभव तुरंत अपना मॉस्क चेहरे पर लगाता है और ठंडे पानी का कटोरा लेकर उसके सिरहाने बैठ जाता है। ठंडे पानी की पट्टियां सिर पर रख उसकी हथेलियां रगड़ने लगता है। कृति को कुछ होश आया। आँखें खोली तो वैभव सामने था. कृति की आँखें लाल थी। वैभव उसे होश में देख तुरंत पैरासिटामोल ले आया और सहारा देकर दवा उसके मुँह में डाल दी।

कृति को अपना शरीर बिल्कुल निष्क्रिय लग रहा था वह उठ नहीं पा रही थी। कोरोना उसके शरीर को जकड़ चुका था, लेकिन वैभव उसके करीब खड़ा था। यह देख कृति वैभव को दूर जाने के लिए कहती है, 'तुम दूर रहो वैभव, मुझे कोरोना तुम भी बीमार हो जा।'इतना कहकर कृति खाँसने लगती है। उसे सांस लेने में तकलीफ महसूस हुई। तुम शांत रहो। मुझे कुछ नहीं होगा। मैंने मॉस्क और ग्लब्स पहने हैं ध्यान से देखो और तुम्हें बस वायरल बुखार है कोरोना नहीं. घबराओ नहीं. मैं चाय लाता हूँ।' इतना कहकर वैभव रसोई में चला गया. थोड़ी देर में चाय और स्टीमर उसके साथ था। कृति को चाय देके वैभव ने स्टीमर का प्लग लगाया और उसे गर्म करने लगा।

*(शेष अगले अंक में)*

गजल | चरणजीत चरण



तुमने अच्छा ही किया ली न
ख़बर, वैसे भी
लौट के कोई न आया है इधर, वैसे भी

तुम गई हो तो पलटकर के सुकूँ आया है
दिल को रहता था बिछड़ जाने का डर, वैसे भी

हम कई रोज़ रहे साथ चलो अच्छा है
कितना चलता है मुहब्बत का सफ़र, वैसे भी

हाथ इकतारे पे रखते ही हुआ तार जुदा
मुझको आता ही नहीं था ये हुनर, वैसे भी

हमसफ़र बन न सके तुम तो कोई बात नहीं
थोड़ी मुश्किल थी मेरी राह-गुज़र वैसे भी

गजल | दिनेश शर्मा दिनेश



दुनिया में आते हैं और जाते हैं
लोग
कब अपना किरदार निभा पाते हैं लोग

वह साथी है सबका उसका किससे बैर
अपनी ही करनी का फल पाते हैं लोग

सबकी अपनी ढपली सबका अपना राग
केवल अपने लाभ की बतियाते हैं लोग

हर कोई इक जैसा कैसे हो सकता है
इक चक्की का आटा कब खाते हैं लोग

ऐहतियात रखा कर ज़ेहन में तू खास
गिरगिट से ज्यादा रंग दिखलाते हैं लोग

लघुकथा | अशोक कुमार ढोरिया



## दायित्व

ओ₹ओह ! ये गर्मी।₹
₹यार आज तो तापमान 54° है, जीना बेहाल कर रखा है।₹
₹हाँ भाई, गर्मी ने पिछले 22 साल का रिकॉर्ड तोड़ दिया है।₹ ₹भाई एक बात बताओ, क्या सरकार का कोई कर्त्तव्य नहीं बनता कि पर्यावरण संरक्षण के बारे में कोई ठोस कदम उठाए।₹ पास ही बैठे बूढ़े दादा ने दोनों की बात सुनकर कहा - ₹बेटा, जिस प्रकार प्रत्येक व्यक्ति अपना वोट डालकर सरकार बनाता है ताकि देश का शासन सुनियोजित ढंग से चल सके।
जब हम अपनी सरकार चुन सकते हैं तो क्या हमारा ये दायित्व नहीं बनता कि प्रत्येक व्यक्ति एक पेड़ लगाकर पर्यावरण को स्वच्छ बनाकर जलवायु को जीने लायक बना सके ?

पर्यारण गीत | नरेश शांडिल्य



## प्रबुद्ध करें हम

जल-थल-नभ सब शुद्ध करें हम,
जन-मन पुनः प्रबुद्ध करें हम ।

जल न रहा तो कल क्या होगा?
उजड़ रहे जंगल ; क्या होगा?
साँसों का संबल क्या होगा?
इन प्रश्नों का हल क्या होगा?
जूझ स्वयं से युद्ध करें हम...

जल-थल-नभ सब शुद्ध करें हम,
जन-मन पुनः प्रबुद्ध करें हम।

गुरुवाणी में सदियों पहले,
नानक जी ने भी फरमाया;
पवन पिता , धरती को माता,
पानी को गुरुरूप बताया;
क्यों फिर धर्म विरुद्ध करें हम...

जल-थल-नभ सब शुद्ध करें हम,
जन-मन पुनः प्रबुद्ध करें हम।

सदियों से पूजित हैं नदियाँ,
हिमगिरि उन्नत शिखर चोटियाँ,
हरा-भरा वसुधा का आँचल,
करें न इन सबका मन घायल,
कभी न इनको क्रुद्ध करें हम...

जल-थल-नभ सब शुद्ध करें हम,
जन-मन पुनः प्रबुद्ध करें हम ।

निर्मल हो नदियों की कल-कल,
खिलें-बढ़ें गिरि-वन नित पल-पल,
हो स्वछंद खग-मृग की हलचल,
खिला रहे यूँ जीवन-शतदल,
पथ न सृष्टि का रुद्ध करें हम...

जल-थल-नभ सब शुद्ध करें हम,
जन-मन पुनः प्रबुद्ध करें हम।।

फिर 'दधीचि' हड्डियाँ गलाएँ,
पुनः 'भगीरथ' भू पर आएँ,
फिर 'अगस्त्य' संकल्प उठाएँ,
'अँगुलिमाल-मन' को समझाएँ,
मानव-मन को बुद्ध करें हम...

जल-थल-नभ सब शुद्ध करें हम,
जन-मन पुनः प्रबुद्ध करें हम।।

लघुकथा | अम्बिका कुमारी कुशवाहा



## आपसी समझ

हाँ.. मैं आलसी हूँ.. बहुत आलसी। और कुछ कहना चाहती हो? इतना कहकर अनिमेष कमरे से बाहर निकल गया। श्वेता की मज़ाक में कही गई बात और अचानक अनिमेष का इस तरह का व्यवहार देख, श्वेता सोच में पर गई।
श्वेता और अनिमेष ने प्रेम विवाह किया था। दोनों कॉलेज में साथ पढ़े थे और श्वेता जानती थी अनिमेष एक शांत स्वभाव का संकोची लड़का है जो बिना कुछ पूछे अपनी बात भी नही कहता।
अनिमेष के पीछे श्वेता भी तेजी से बाहर निकली। अनिमेष बालकनी पर खड़े हो सड़क की ओर देख रहा था।
श्वेता ने उसके कंधे पर हाथ रख पूछा- क्या हुआ अनिमेष? कोई बात है क्या?
अनिमेष- नहीं श्वेता , कुछ नही.. बस ऐसे ही थोड़ा गुस्सा आ गया। सॉरी।
श्वेता- अनि.. हमने प्रेम विवाह किया है। मैं तुम्हारी जीवनसंगिनी और अच्छी दोस्त भी हूँ। तुम्हारा इस तरह मुझसे किसी बात को न कहना अच्छा नही लगता।
अनिमेष- (श्वेता की ओर देखते हुए) सॉरी श्वेता.. मुझे माफ कर दो, इस बार भी हम गर्मियों में शिमला नही जा सकते। बॉस ने छुट्टी देने से साफ मना कर दिया है। साथ पिछले सप्ताह अस्वस्थ रहने के कारण जो अवकाश लिया था, सैलरी से पैसे काट लिए बॉस ने। और अगले सोमवार से ओवरटाइम की ड्यूटी भी है।
श्वेता- उफ्फ.. ये बेरहम बॉस। बस इतनी सी बात और इतना बड़ा टेंशन लिए हो? अनि.. कोई बात नही, हम इस बार कहीं नही जाएंगे। अगली बार चलेंगे शिमला।
और हाँ तुम इतना क्यों सोचते हो? मैं तुम्हारी साथी हूँ, मैं भी जॉब करती हूँ, आर्थिक जिम्मेदारी मेरी भी हैं।
अनिमेष (मुस्कुराते हुए)- बुरा लगता है ना.. शादी के इतने दिन बाद भी तुम्हारे शिमला घूमने की इच्छा पूरा नही कर पा रहा।
श्वेता- मुझे भी कहाँ छुट्टी मिल पाती है। साथ घूमने की इच्छा तो तुम्हारी भी हैं। ये प्राइवेट जॉब भी न..
अनिमेष- मुझे तो आज संडे को सुबह सुबह तुमसे लड़ना था, पर तो उलझती ही कहाँ हो बातों में।(दोनो हँसते हैं)
श्वेता(घूरते हुए)- अच्छा जी! अगले साल छुट्टी पर
हम सबसे पहले अपने घर चलेंगे। उसके बाद ही कही जाएंगे।
अनिमेष- जैसी आपकी आज्ञा देवी। 'रिश्तों की बुनियाद आपसी समझ, सम्मान, सहयोग और विश्वास पर केंद्रित होती है।'

**साहित्य समाज को जोड़ने का काम करता है, इसलिए संस्कार के लिए खासतौर से युवाओं को साहित्य के प्रति जागृत करना आवश्यक है। यह जिम्मेदारी लेखकों और साहित्यकारों की भी है कि वे अच्छे साहित्य सृजन करके सामाजिक निर्माण में योगदान दें।**

साक्षात्कार | ओ.पी. पाल

# समाज को दिशा देने में साहित्य की अहम भूमिका: मधु वशिष्ठ

हिंदी साहित्य के क्षेत्र में समाज को नई दिशा देते हरियाणा के लेखकों, साहित्यकारों, कवियों और रचनाकारों में महिलाओं की भी अहम भूमिका रही है। ऐसी ही महिला साहित्यकारों में शुमार मधु वशिष्ठ भी साहित्य की विभिन्न विधाओं के जरिए सामाजिक सरोकार के फोकस में सकारात्मक विचारधाराओं से समाज को नई दिशा देने में जुटी हुई हैं। दिल्ली सरकार से सेवानिवृत्त अधिकारी के पद से सेवानिवृत्ति के बाद स्वतंत्र लेखन से रचना संसार को आगे बढ़ाते हुए साहित्य सृजन में जुटी मधु वशिष्ठ कई प्लेटफार्मों से भी अपने लेखन को सुगम और सरल बना रही हैं। अपने मनोभावों को कहानी या कविता के रूप में साहित्य को समर्पित लेखिका, रचनाकार, कवियत्रि और कहानीकार मधु वशिष्ठ ने हरिभूमि संवाददाता से हुई बातचीत में अपने साहित्यिक सफर के बारे में विस्तृत उल्लेख करते हुए कई ऐसे पहलुओं को उजागर किया, जिसमें समाज को सकारात्मक रूप से जागृत करने की दिशा में साहित्य की अहम भूमिका हो सकती है।

हिंदी साहित्य के क्षेत्र में लोकप्रिय महिला रचनाकार मधु वशिष्ठ का जन्म 10 सितंबर 1959 को दिल्ली में सोमदत्त शर्मा और तारा रानी शर्मा के घर में हुआ। उनके पिता नई दिल्ली नगर पालिका परिषद में अधिकारी थे, इसलि मधु का बचपन दिल्ली के सरकारी मकान में ही बीता है। उनकी प्रारंभिक शिक्षा दिल्ली गोल मार्केट के नगर पालिका के स्कूल में हुई। उनका परिवार नगर पालिका के पुस्तकालय के नजदीक ही रहता था और परिवार के सदस्य उसके सदस्य भी थे, तो साहित्य के प्रति रुझान स्वतः ही होना तय था। वहीं दिल्ली पब्लिक लाइब्रेरी और रामकृष्ण मिशन की भी लाइब्रेरी भी उनके घर के पास ही थी, जहां परिवार के सभी लोग पुस्तकों को पढ़ते थे। बकौल मधु वशिष्ठ उस जमाने में प्रकाशित होने वाली चंपक, नंदन और बहुत सी कॉमिक्स जैसी पुस्तकें पढ़ने का शौक बढ़ने के साथ लेखन के प्रति भी रुचि जागृत होने लगी थी। उनकी लिखी हुई पहली कविता और कहानी 70 के दशक में कॉलेज की मैगजीन में प्रकाशित हुई तो लेखन के प्रति आत्मविश्वास बढ़ना भी स्वाभाविक ही था। उस जमाने में साहित्यिक सफर इतना आसान नहीं था कि वे अपनी कहानी या कोई भी रचना को प्रकाशित कराने के लिए दिल्ली प्रेस या धर्मयुग मैगजीन के लिए उनका पता ढूंढना पड़ता था और फिर लिफाफे में डालकर अपनी रचनाओं को वहां भेजना होता था, तो अधिकतर डाक वापस आ जाती थी यानी रचनाएं प्रकाशित होने की संभावनाएं भी नगण्य ही थी, लेकिन उनकी एक कविता को एक हिंदी मैगजीन में प्रकाशित हुई। मधु वशिष्ठ ने बताया कि साल 1974 से 77 के बीच भी उन्होंने कुछ रचनाएं लिखी थीं, लेकिन विवाहोपरांत और 80 के दशक के बाद उनकी व्यस्तताएं बहुत बढ़ गईं, जिसका कारण साल 1982 में उनकी दिल्ली सरकार में नौकरी लग गई, जहां से 2018 में सेक्शन ऑफिसर के पद से सेवानिवृत्त हुई हैं। मधु वशिष्ठ साधना कहानियां यादों की उनका अपना एक यूट्यूब चैनल भी है। मधु वशिष्ठ की नजर में इस आधुनिक युग में साहित्य की स्थिति बहुत अच्छी तो नहीं है, क्योंकि अधिकतर लोग सोशल साइट में उलझे हुए हैं और लेखन से ज्यादा दृश्य उन्हें आकर्षित कर रहे हैं, इसलिए साहित्य के पाठकों में रुझान कम देखने को मिल रहा है। जहां तक युवा पीढ़ी की साहित्य में रुचि का सवाल है उनके ऊपर पाठ्यक्रम का बोझ ज्यादा है और जानकारी के लिए उनके पास इंटरनेट का सरल विकल्प भी है। वे कल्पना की बजाए अपनी पढ़ाई पर या मोबाइल में किसी भी विषय पर जानकारियां लेना ज्यादा पसंद करते हैं। हालात यहां तक पहुंच गये कि 1913 में रविंद्र नाथ ठाकुर को उनकी काव्य रचना गीतांजलि के लिए साहित्य का नोबेल पुरस्कार मिला था, लेकिन उसके बाद कोई भी कृति ऐसी नहीं हुई, जो की साहित्यिक पुरस्कार के योग्य समझी जा सके।

### प्रकाशित पुस्तकें

मधु वशिष्ठ की विभिन्न विधाओं में अभी तक छह एकल पुस्तकें प्रकाशित हो चुकी है। इनमें कहानियां यादों की, कहानी संग्रह कथा कुंज, कविता संग्रह जीवन और मन तथा भक्ति सागर प्रमुख रुप से शामिल हैँ। इनके अलावा उनकी कविताओं के संकलन के रुप में अनुभव नामक पुस्तक भी उनकी उपलब्धियों में शामिल है। रचनाकार मधु की 80 से अधिक साझा संकलनों में रचनाएं प्रकाशित हो चुकी है। इसके अलावा राष्ट्रीय पत्र व पत्रिकाओं में उनके लेख, कहानियां औरकविताएं भी प्रकाशित होती आ रही हैं।



मधु वशिष्ठ

### पुरस्कार व सम्मान

कवयित्री को विभिन्न विधाओं में सैकड़ों पुरस्कार और सम्मान मिले हैं। इसमें प्रतिलिपि में उन्हें गोल्ड बैज के साथ प्रमाणपत्र का सम्मान भी मिला है। धारावाहिक लेखन में उन्हें फेलोशिप का सम्मान भी मिला है। स्टोरी मिरर में लिटरेरी जनरल की उपाधि से सम्मानित मधु वशिष्ठ ऑथर ऑफ द ईयर अवार्ड से भी सम्मानित है। इसके अलावा उन्हें काव्य विभूति सम्मान, काव्यश्री सम्मान, साहित्य रत्न सम्मान, शांतिप्रिय व्यक्तित्व सम्मान, श्रेष्ठ कहानीकार सम्मान मिल चुका है।

### व्यक्तिगत परिचय

**नामः** मधु वशिष्ठ
**जन्मतिथिः** 10 सितंबर 1959
**जन्म स्थानः** राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली
**शिक्षाः** बीए, बीएड (मिरांडा हाउस दिल्ली)
**सम्प्रतिः** सेवानिवृत्त अधिकारी, स्वतंत्र लेखन
**संपर्कः** 19/8, फरीदाबाद (हरियाणा)

# चिंता और चिंतन को प्रतिबिंबित करते दोहे



**पुस्तक : उगें हरे संवाद (दोहा संग्रह)**
**कवि : योगेन्द्र वर्मा 'व्योम'**
**मूल्य : 200 रुपये**
**प्रकाशक : गुंजन प्रकाशन**

पुस्तक समीक्षा | डॉ. रामनिवास 'मानव'



दोहा हिंदी का प्राचीन और परंपरागत लघु छंद है, जिसने हर काल में अपनी सार्थकता सिद्ध की है। भक्तिकाल में यह रामबाण बनकर चला, तो रीतिकाल में इसने कामबाण बनकर लक्ष्य-संधान किया। वर्तमान काल में भी दोहे की प्रासंगिकता बनी हुई है, किंतु आज का दोहा तुलसी-रहीम-बिहारी के दोहों का सगोत्रीय छंद नहीं है। इसकी गर्भनाल कबीर के बेबाक दोहों से जुड़ी है। इसकी मारक क्षमता भक्ति-रीति कालीन दोहों से कहीं अधिक और गहरी है तथा यह अग्निबाण बनकर असंगतियों, विसंगतियों और विकृतियों के ढेर में पलीता लगाने का काम कर रहा है। यही कारण है कि आज अनेक समर्थ कवि दोहा-लेखन में सक्रिय हैं।

ऐसे कवियों में गीत-नवगीत के श्रेष्ठ हस्ताक्षर योगेन्द्र वर्मा 'व्योम' का नाम भी सम्मिलित है, जो दोहा छंद को धार देने का सफल-सार्थक प्रयास अपनी लेखनी द्वारा कर रहे हैं। 'परिवार के उजले भविष्य- पुत्र और पुत्रियों को समर्पित', 332 दोहों के अपने प्रथम दोहा-संग्रह 'उगें हरे संवाद' में वह बढ़ती संवेदनहीनता, टूटते रिश्तों और बिखरते परिवारों की त्रासद स्थिति पर तो चिंतित दिखाई पड़ते ही हैं, पारस्परिक संबंधों और पारिवारिक रिश्तों में अंतर्निहित आत्मीयता की ऊष्मा पर भी उनका पूरा जोर है। उनके दोहे देखिए- स्वस्थ भला कैसे रहे, अपनापन-सम्मान ।
भीतर हों जब तलख़ियाँ, चेहरों पर मुस्कान।।
गूगल युग ने क्या किया, छीन लिए एहसास।
छिटक रही संवेदना, चटक रहे विश्वास।।

किंतु जैसे-जैसे हम उनके दोहों के माध्यम से आगे बढ़ते हैं, समकालीन जीवन-यथार्थ के अन्य विद्रूप आयाम भी उद्घाटित होते जाते हैं। इन दोहों में कवि की चिंता और चिंतन, दोनों तो साथ-साथ चलते ही हैं, भावों की भंगिमा तथा भाषा की लाक्षणिकता इन्हें और भी मारक तथा महत्त्वपूर्ण बना देती है। संग्रह के अनेक दोहों की कलात्मकता भी देखते ही बनती है-
शहरों के हर स्वप्न पर, कैसे करें यक़ीन।
उम्मीदों के गाँव हैं, जब तक सुविधाहीन।।
घुल-मिलकर व्यक्तित्व में, बिखरे मधुर सुगंध।
पढ़कर तो देखो कभी, सच के ललित निबंध।।

निष्कर्ष रूप में कहा जा सकता है कि 'उगें हरे संवाद' संग्रह दोहा-परंपरा में भाव और भाषा-शिल्प की दृष्टि से काफी-कुछ नया जोड़ता है। संग्रह के दोहे पाठकों को पसंद आयेंगे, यही विश्वास है।

## खबर संक्षेप

### घर से नकदी व मोबाइल फोन चोरी

**बावल।** तिहाड़ा गांव में रविवार तड़के चोर एक मकान में रखे बैग से नकदी व मोबाइल फोन चोरी कर ले गए। पुलिस ने चोरी का केस दर्ज करने के बाद जांच शुरू कर दी। पुलिस को दर्ज शिकायत में वेदप्रकाश ने वह और उसका परिवार को रात को घर में सो रहे थे। सुबह करीब 4 बजे के आसपास चोर मकान के कमरे में रखे बैग से 10 हजार रुपये और एक मोबाइल फोन चोरी कर ले गए। सुबह नकदी और फोन गायब मिलने के बाद पुलिस को सूचना दी गई।

### दंपती से मारपीट के आरोप में 5 नामजद

**कनीना।** कनीना के वार्ड आठ में मारपीट करने के आरोप में पुलिस ने पांच व्यक्तियों के खिलाफ केस दर्ज किया है। इस बारे में शहर थाना पुलिस को दी शिकायत में महिला सुनिता ने बताया कि उसके पति रिषीराज सहित उन पर चाचा ससुर सतीश कुमार, चाची सास कैलाश देवी व उनके तीन लड़के प्रशांत कुमार, सिद्धार्थ कुमार व अनुज कुमार ने ईंट-पत्थर व लाठी-डंडों से हमला बोलकर घायल कर दिया।

### वक्ताओं ने कविताओं के माध्यम से पिता की भावनाओं को किया व्यक्त

# पिता से बड़ा परिवार के प्रति प्यार और समर्पण का और कोई उदाहरण नहीं

- फादर्स-डे पर शहर में कार्यक्रमों की रही धूम


**हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी**

बच्चों के जीवन में पिता का बड़ा महत्व होता है। बच्चों के लिए उनके माता-पिता ही उनके आदर्श होते हैं। मां की ममता को लेकर तो लिखने वालों ने बहुत कुछ लिखा है, लेकिन पिता के बारे में ज्यादा कुछ नहीं लिखा गया। पिता का प्यार गूंगा होता है, लेकिन आधुनिकता के इस दौर व बदलते परिवेश में आज के बच्चे इसको समझ नहीं पा रहे हैं।

मां तो अपने बच्चों पर खुलकर मातृत्व लुटा देती है, लेकिन बच्चों को सही मार्ग पर लाने के लिए पिता को कई बार कठोर निर्णय भी लेने पड़ते हैं। पिता से बड़ा परिवार के प्रति प्यार और समर्पण का और कोई उदाहरण नहीं हो सकता। रविवार को शहर मे अनेक स्थानों पर फादर्स-डे कार्यक्रम आयोजित किए गए। कार्यक्रम में वक्ताओं ने कहा कि पिता ही अपने बच्चों को समाज की हर बुराई से बचाता है। वह जहां बच्चों की छोटी बड़ी सभी जरुरतों को पूरा करने के लिए संघर्ष करता है, वहीं उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें समुचित दिशा-निर्देश भी देता है, लेकिन बच्चे इन निर्देशों को अपने ऊपर एक बोझ के रुप में लेने लगते हैं और उनकी यह सोच बन जाती है कि पिता उनके हर काम में क्यों हस्तक्षेप करते हैं। पिता अपने बच्चों को हर मुसीबत से अपने अनुभव के आधार पर बचाने का प्रयास करता है, लेकिन बच्चे उनके भाव को समझ नहीं पाते। वक्ताओं ने कहा कि निस्वार्थ भाव से पिता ही एक ऐसा शख्स है जो अपने जीवन को बच्चों की खुशियों को पूरा करने में लगा देता है। वह जहां दिन-रात मेहनत करता है, वहीं हर मुसीबत को अपने ऊपर ले लेता है ताकि उसका परिवार टूटने से बच जाए। कई वक्ताओं ने पिता पर कविता सुनाकर अपनी भवनाओं को व्यक्त किया। पिता है तो नन्हे से परिंदे का बड़ा आसमान है। पिता है तो बाजार के सब खिलौने अपने हैं। अपनी रचनाओं में लोगों ने कहा कि मां की बिंदी व सिंदूर का आधार पिता ही है। पिता से ही मां को अपना बच्चा कहने के अधिकार मिले हैं। सबकी खुशियां जो सोचे, वह है पिता। क्या होगा, कैसे होगा यह सब पिता को ही पड़ता है सोचना। वक्ताओं ने वर्तमान पीढ़ी से आग्रह किया कि वह अपने माता-पिता को समुचित सम्मान दें। पिता की डांट का या उसकी सलाह का गलत अर्थ न निकालें। पिता कभी भी अपनी औलाद का दुश्मन नहीं हो सकता। माता-पिता के ऋण को इंसान कभी भी नहीं उतार सकता है।



रेवाड़ी। फादर्स-डे पर माता-पिता के साथ बच्चे। फोटो : हरिभूमि



रेवाड़ी। ठेकेदार लेखराम को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए। फोटो : हरिभूमि

## दिवंगत लेखराम का जीवन समाज के लिए प्रेरणा स्रोतः राव दानसिंह

- काठूवास गांव में ठेकेदार लेखराम की 15वीं पुण्य तिथि पर रविवार को स्मृति सभा का आयोजन किया गया

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुंड**

रेवाड़ी-नारनौल मार्ग पर स्थित काठूवास गांव में ठेकेदार लेखराम की 15वीं पुण्य तिथि पर रविवार को स्मृति सभा का आयोजन किया गया। स्मृति सभा में ठेकेदार लेखराम के ज्येष्ठ पुत्र व राजस्थान के प्रतिपक्ष के नेता टीकाराम जूली, मुकेश जूली, महेंद्रगढ़ के विधायक राव दान सिंह, पूर्व सीपीएस अनीता यादव, मुंडावर के विधायक ललित यादव, पूर्व स्वास्थ्य राज्य मंत्री मुन्नीलाल रंगा, सुरेंद्र पटवा, उद्योगपति अशोक सोमाणी, बहरोड़ से संजय सिंह, रिटायर्ड आईएएस विनय सिंह, पूर्व विधायक बलजीत यादव, इमरान खान, विजय पाल बैरियर, मास्टर जयपाल, कृष्ण राव व कमलेश सैनी सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित थे। सभी ने ठेकेदार लेखराम की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। इस मौके पर राव दान सिंह ने कहा कि दिवंगत लेखराम का जीवन समाज के लिए प्रेरणा स्त्रोत है। इस मौके पर मनेठी के सरपंच देशराज, काठूवास की सरपंच भोलाराम, कैप्टन अमर सिंह, फूल सिंह, सरपंच जयसिंह, साधूसिंह, सरपंच अर्जुन सिंह, अंतरपाल, कैप्टन फूल सिंह व जसवंत सिंह सहित अनेक गणमान्य लोग मौजूद थे।

# माहेश्वरी सभा ने हर्षोल्लास से मनाया वंशोत्पत्ति दिवस

- 5157वां माहेश्वरी वंशोत्पत्ति दिवस सभा अध्यक्ष हरी किशन लड्ढा की अध्यक्षता में मॉडल टाउन स्थित एक निजी रेस्तरां में मनाया गया

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी**

जिला माहेश्वरी सभा रेवाड़ी-महेंद्रगढ़ की ओर से 5157वां माहेश्वरी वंशोत्पत्ति दिवस सभा अध्यक्ष हरी किशन लड्ढा की अध्यक्षता में मॉडल टाउन स्थित एक निजी रेस्तरां में मनाया गया। दीप प्रज्वलन व महेश वंदना के साथ शुरू हुए कार्यक्रम में अखिल भारतवर्षीय माहेश्वरी महासभा में प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अशोक सोमाणी ने समाज की प्रगति पर प्रकाश डाला एवं महासभा की ओर से संचालित समाजोन्मुखी विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी। सभा अध्यक्ष ने सम्पूर्ण समाज को एकजुटता का संदेश देते हुए महासभा की ओर से संचालित योजनाओं लाभ प्रत्येक जरूरतमंद व्यक्ति तक पहुंचाने का आह्वान किया। मंच संचालन सह सचिव संदीप राठी ने किया। महिला मंडल अध्यक्षा बबीता राठी के नेतृत्व में बच्चों ने अनेक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। जिला युवा संगठन अध्यक्ष अंशुल भुराडिया ने सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति देने वाले सभी बच्चों को पुरस्कृत किया। मंजू भुराड़िया ने माहेश्वरी समाज उत्पत्ति स्थल लोहार्गल धाम सीकर के महत्त्व के बारे में अवगत कराया। इस अवसर पर महेश भुराड़िया, परिवर्तन सोमाणी, राजेन्द्र झंवर, मनोज बाहेती, रामकिशोर लड्ढा, धनेश मुछाल, विवेक तोषनीवाल, संजय परवाल, विनोद लड्ढा, पंकज भुराड़िया, सुनील परवाल, संजय परवर, संजय राठी, प्रदीप राठी, शैलेन्द्र देवपुरा, कैलाश गट्टानी, राजीव माहेश्वरी, महिला मंडल से मंजू सोमाणी, सीमा लड्ढा, कुमकुम परवाल, उषा माहेश्वरी, कमला राठी, सरिता राठी पार्षद महेन्द्रगढ़, राधा राठी व पूजा राठी उपस्थित थे।



रेवाड़ी। कार्यक्रम में संबोधित करते अशोक सोमाणी।



रेवाड़ी। महिला की जांच करते डॉ आत्मप्रकाश यादव।

### यादव सभा के शिविर में 101 लोगों की हुई जांच

**रेवाड़ी।** यादव कल्याण सभा की ओर से रविवार को गढ़ी बोलनी रोड स्थित श्रीकृष्ण भवन में फ्री चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 101 मरीजों की निःशुल्क जांच कर सभी को फ्री दवाईयां भी प्रदान की गई। डॉ एच आर यादव ने मेडिसिन, डॉ आत्म प्रकाश यादव ने हड्डीरोग, डॉ सुनील यादव ने सर्जरी, डॉ रमेश यादव ने नेत्ररोग व डॉ अजीत यादव ने बालरोग के रोगियों की जांच की। शिविर में सभा के प्रधान रामबीर यादव, डा. यशपाल यादव, जसवंत यादव, गोकल राम, अमर सिंह, सुरेंद्र सिंह, सभा प्रवक्ता प्रो. सतीश यादव व बिक्रम ने सहयोग दिया।

## अवैध हथियार उपलब्ध कराने वाला एक आरोपी गिरफ्तार

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी**

एंटी नारकोटिक्स सेल ने अवैध हथियार उपलब्ध कराने के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए आरोपी की पहचान राजस्थान के जिला खैरथल के गांव संचोद निवासी अनिल उर्फ मन्नू उर्फ भोला के रूप में हुई है। पुलिस को 28 मार्च को सूचना मिली थी कि एक नाबालिग के पास अवैध हथियार है। जोकि मंगलेश्वर माजरी से खेड़ा मुरार की तरफ जा रहा है। सूचना पर पुलिस ने नाबालिग को अभिरक्षा में लेकर उसके के कब्जे से एक अवैध देशी कट्टा व 1 खाली खोल बरामद किया। पूछताछ में नाबालिग ने बताया कि वह यह अवैध हथियार राजस्थान के जिला खैरथल के गांव संचोद निवासी अनिल से लेकर आया था। मामले में पुलिस ने रविवार को अवैध हथियार उपलब्ध कराने वाले आरोपी को भी गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपी को अदालत में पेश करके न्यायिक हिरासत में भेज दिया है।



**आरोपी के खिलाफ दर्ज कई मामले**

जांचकर्ता ने बतलाया किआरोपी अनिल उर्फ मन्नू उर्फ भोला पहले भी कई वारदातों को अंजाम दे चुका है। आरोपी पर राजस्थान के थाना कोटकासिम, मुण्डावर तथा थाना बावल व कसौला में लूट, स्नैचिंग, हत्या के प्रयास व आर्म्स एक्ट के तहत सात मामले दर्ज हैं।

## न्यूज डायरी

### गायत्री जयंती पर पांच कुंडीय महायज्ञ का आयोजन



**धारूहेड़ा।** धारूहेड़ा शक्तिपीठ पर रविवार को गायत्री जयंती एवं गंगा दशहरा पर्व पर पांच कुंडीय महायज्ञ का आयोजन किया गया। इस अवसर पर शांतिकुंज हरिद्वार के प्रतिनिधि राजकुमार भारद्वाज ने कहा कि गंगा और दशहरा मनुष्य के जीवन के लिए बहुत ही उपयोगी है। उन्होंने बताया कि आज ही के दिन गंगा स्वर्ग से धरती पर अवतरित हुई थी। गंगा ने धरती पर अवतरित होकर मनुष्यों के पापों को दूर किया तथा पाप नाशनी कहलाई व शरीर को शुद्ध किया। इसी प्रकार गायत्री मंत्र का जाप करने से मनुष्य की अंतरात्मा शुद्ध होती है। इस अवसर पर गायत्री परिवार से त्रिभुवन शास्त्री रालियावास, रंग राव रालियावास, मोहन शास्त्री रालियावास, केएल वर्मा, सोमेश शर्मा, राजस्थान भिवाड़ी से पंकज शर्मा, लक्ष्मी, मीरा, रेखा, मंजू, संतोष, लक्ष्मी, सुनीता, मनीषा, अनीता व पिंकी उपस्थित थे।

### शिव मंदिर में नंदी महाराज की हुई प्राण प्रतिष्ठा



**रेवाड़ी।** सरकुलर रोड स्थित प्राचीन शिव मंदिर छोटा तालाब में नंदी महाराज की प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा की गई। तीन दिन तक चले आयोजन में मंत्र जाप के साथ रविवार को हवन के बाद भंडारे का आयोजन किया गया। मंदिर के संरक्षक व गुर्जर समाज के प्रधान श्योलाल गुर्जर ने बताया कि यह मंदिर प्राचीन है तथा यहां मांगी गई हर मन्नत पूर्ण होती है। इस अवसर पर रामेश्वर भारद्वाज, जगमोहन, मोहन श्याम, सेवक रामनिवास, कन्हैयालाल, सोम प्रधान, पवन यादव, पवन कुमार, मन्नू रस्तोगी, मधु शर्मा, कंकर वाली शिव मंदिर के महंत मैन गिरी महाराज व वीरेंद्र गिरी महाराज, पूर्व नगर पार्षद बलजीत यादव, उप प्रधान श्याम चुघ, पार्षद रमेश भालिया, शैलेंद्र सतीजा, पार्षद मनीष गुप्ता, पार्षद भूपेंद्र गुप्ता, पार्षद रमेश मोरवाल, मुकेश गोलू व बंटी खरेरा मौजूद थे।

### लेफ्टिनेंट बने भाकली का गांव में हुआ सम्मान



**कोसली।** गांव भांकली निवासी सूबेदार अजय कुमार के पुत्र अंकित कुमार ने लेफ्टिनेट बनकर गांव व जिले का नाम रोशन किया है। एयर फोर्स अकेडमी हैदराबाद से एयर चीफ मार्शल ए के चौधरी ने अंकित को लेफ्टिनेंट बनने पर सम्मानित किया। अंकित ने बीएससीऑनर्स दिल्ली यूनिवर्सिटी से की तथा तीन एयर फोर्स सिलेक्शन बोर्ड गांधीनगर से एसएसबी पास कर एनडीए में जगह बनाई। रविवार को ग्राम पंचायत भाकली ने अंकित को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर सरपंच श्याम सिंह भाकली, सूबेदार सुरेश ब्लॉक समिति प्रतिनिधि, पंच बीएलशर्मा, पं. ओमप्रकाश, सर्धानंद, कैलाश, देवेंद्र कुमार, अनिल, प्रवीण, प्रदीप, इंद्र आर्य, ईश्वर सिंह, मास्टर दयानंद, रामपत, महिपाल व राम सिंहआदि लोग मौजूद थे।

### शारीरिक तौर से लाचार बना देता नशाः रजनीश



**रेवाड़ी।** पुलिस अधीक्षक शशांक कुमार सावन के मार्गदर्शन में जिला पुलिस की ओर से नशा मुक्त पखवाड़ा मनाया जा रहा है। अभियान के तहत आमजन को नशीली दवाओं व नशीले पदार्थों के दुष्परिणामों व दुष्प्रभाव के बारे में जागरूक किया जा रहा है। रविवार थाना सदर पुलिस टीम ने गांव बोड़िया कमालपुर में आमजन को नशे से दूर रहने के लिए जागरूक किया तथा विशेषकर युवाओं को इससे दूर रहने की सलाह दी।

### व्यापारी एसोसिएशनों को एक छत के नीचे लाने का किया जा रहा प्रयासः भूपेन्द्र



**रेवाड़ी।** बीजेपी पटौदी विधायक सत्य प्रकाश जरावता की अध्यक्षता में राष्ट्रीय व्यापार सेवा संघ की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में राष्ट्रीय व्यापार संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष एडवोकेट भूपेंद्र सिंह, प्रदेशाध्यक्ष सतराज जून, प्रदेश सचिव बाल भगवान शास्त्री, रेवाड़ी विधानसभा अध्यक्ष दीपेश भार्गव एवं लोकांश मौजूद थे। मंच संचालन प्रदेश महासचिव सुरेन्द्र वशिष्ठ ने किया। उन्होंने कहा कि व्यापारी समाज का सबसे बड़ा सेवक हैं। सरकार बनाने में अहम भूमिका निभाता हैं, मगर फिर भी उपेक्षा का शिकार है। हम सभी को संगठित होकर एकजुट होना होगा ताकि अपनी आवाज बुलंद करा सकें। इस अवसर पर संजय सैनी को राष्ट्रीय व्यापार सेवा संघ का पटौदी विधानसभा का अध्यक्ष नियुक्त किया गया। संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह ने कहा देश में लगभग 60 से 70 तरह के ट्रेड है, जिनकी एसोसिएशन भी है और उनके प्रधान भी बने हुए हैं। वह सभी राष्ट्रीय व्यापार सेवा संघ में भी पदेन प्रधान होंगे। छोटे-छोटे टुकड़ों में बंटे होने की वजह से उनकी आवाज सरकार तक नहीं पहुंचती है, इसलिए सभी एसोसिएशन को एक छत के नीचे लाने का कार्य किया जा रहा है। बैठक में पटौदी नगर पालिका चेयरमैन चंद्रभान सहगल, वाइस चेयरमैन जर्मन सैनी, बिल्लू यादव, पार्षद अनिल यादव, पार्षद राधेश्याम मक्कड़, गिरवर, अशोक पंडित, विपिन माटा व राजेंद मौजूद थे।

# सरकार ने प्रदेश के साढ़े नौ लाख बिजली उपभोक्ताओं को दी राहत

- भाजपा प्रदेश प्रवक्ता मुकेश काड़ीवास बोले सरकार प्रदेश में अंत्योदय की भावना से लगातार कर रही काम

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी**

भाजपा प्रदेश प्रवक्ता मुकेश कापड़ीवास ने कहा कि हरियाणा के बिजली उपभोक्ताओं को मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने बड़ा तोहफा दिया है। बिजली के बिलों पर अब मासिक रेंट प्रदेश के उपभोक्ताओं से नहीं लिया जाएगा। यूनिट के हिसाब से जो बिल आएगा, वह बिल ही भरना होगा। ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में 2 किलोवाट तक के घरेलू कनेक्शन के टेरिफ श्रेणी-1 में आने वाले बिजली उपभोक्ताओं पर मासिक शुल्क नहीं लगाने का निर्णय लेने से करीब साढ़े 9 लाख उपभोक्ताओं को बड़ी राहत मिलेगी। रेवाड़ी में भी हजारों परिवारों को इसका लाभ मिलेगा। कापड़ीवास ने कहा कि सीएम के इस ऐलान के बाद बिजली उपभोक्ताओं को केवल यूनिट के हिसाब से ही बिल भरना होगा। बिजली उपभोक्ताओं को केवल खपत की गई बिजली यूनिट के लिए भुगतान करना होगा।



मुकेश कापड़ीवास।

### पूर्व सीएम ने की थी घोषणा

कापड़ीवास ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने 23 फरवरी को अपने बजट प्रस्तावों में सबसे गरीब लोगों को राहत देने की घोषणा की थी। पूर्व सीएम ने विधानसभा में 2 किलोवाट तक के घरेलू कनेक्टेड लोड वाले टैरिफ श्रेणी-1 के उपभोक्ताओं के लिए एमएमसी को समाप्त करने का प्रस्ताव किया था। सरकार के इस फैसले से प्रदेश के सबसे गरीब परिवारों को करीब 180 करोड़ रुपए की राहत मिलेगी।

### एक मकान से हजारों रुपये की चोरी, दूसरे में चोरी करने का प्रयास

**धारूहेड़ा।** सेक्टर-6 में चोर एक मकान का ताला तोड़कर हजारों रुपये नकदी व अन्य सामान चोरी कर ले गए। चोरों ने दूसरे मकान में भी चोरी का प्रयास किया, लेकिन कुत्ते के भोंकने के कारण चोर वहां से भाग गए। पुलिस ने केस दर्ज करने के बाद जांच शुरू कर दी। पुलिस शिकायत में सेक्टर निवासी अनूप कुमार ने बताया कि वह मानेसर की एक कंपनी में काम करता है। मकान को ताला लगाने के बाद वह कंपनी में चला गया था। रात की ड्यूटी करने के बाद जब वह सुबह घर आया तो उसके मकान के गेट का ताला टूटा हुआ मिला। अंदर जाने पर सभी कमरो के ताले टूटे हुए मिले। घर का सारा सामान बिखरा हुआ था। चोर मकान से 5 हजार रुपये, चांदी के गिलास व सिक्के, पाजेब व बैंक एटीएम सहित काफी सामान चोरी कर ले गए।

### आज धूमधाम से मनाएगा बकरीद का पर्व

**रेवाड़ी।** मुस्लिम समुदाय की ओर से सोमवार को बकरीद यानि कि ईद-उल-अजहा का त्यौहार धूमधाम से मनाया जाएगा, जिसकी सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। मुस्लिम समुदाय की ओर से मस्जिदों में नमाज अता करके विश्व में अमन और मोहब्बत का माहौल बनाने की दुआ मांगी जाएगी। मस्जिदों में बकरीद की नमाज की सभी व्यवस्थाएं पूरी कर ली गई हैं।

**मस्जिदों में नमाज का समय**

जिले की मस्जिदों में ईद-उल-अजहा बकरीद की नमाज 17 जून को अता की जाएगी। मुस्लिम सभा के प्रधान मुबीन खान ने बताया कि जामा मस्जिद पीर बाबा वाली में सुबह 8 बजे, मदीना मस्जिद रेलवे स्टेशनपर सुबह 8 बजे, आसिया मस्जिद पुराना सीटी थाना में सुबह 7:30 बजे, गांव गुड़ियानी स्थित ईदगाह में सुबह 7:30 बजे तथा खोल में थाने के पास स्थित मस्जिद में सुबह 7:30 बजे नमाज अता की जाएगी।

### जिला प्रशासन की ओर से 30 तक मनाया जा रहा मलेरिया रोधी माह

# गर्मी के मौसम में मलेरिया व डेंगू बीमारियों के प्रति सतर्क रहें नागरिकः डीसी

- बुखार होने पर निकट के स्वास्थ्य केंद्र पर रक्त की जांच एवं उपचार कराएं तथ डॉक्टर की सलाह पर ही दवाईयों का सेवन करें

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी**

गर्मी के मौसम में जगह-जगह जलभराव एवं गंदगी होने से मच्छरों का प्रकोप बढ़ जाता है, जिससे मच्छर जनित रोग जैसे मलेरिया व डेंगू के संक्रमण का खतरा भी बढ़ जाता है। ऐसे में घर के आस-पास एवं घर के अंदर मच्छरों के पनपने के स्थान या घरों के आस-पास होने वाले जलभराव, गमले एवं पशु-पक्षियों के पानी पीने के पात्र एवं घरों की छतों पर रखी अनुपयोगी वस्तुओं का समुचित निस्तारण किया जाना आवश्यक है। सरकार की ओर से मच्छर जनित बीमारियों को रोकने के लिए मलेरिया रोधी माह मनाया जा है। यह अभियान 30 जून तक जारी रहेगा।

**लोगों को सतर्क रहने की जरूरत**



डीसी राहुल हुड्डा ने कहा कि आमजन को गर्मी के मौसम में मलेरिया व डेंगू सहित सभी मौसमी बीमारियों के प्रति सजग व सतर्क रहना होगा। अभियान को सफल बनाने में स्वास्थ्य विभाग का अहम रोल रहेगा। स्वास्थ्य विभाग की ओर से मलेरिया व डेंगू की पुष्टि के लिए जांच की जा रही है। उन्होंने कहा कि ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में बुखार पीड़ित व्यक्तियों को चिंहित किया जा है। उन्होंने लोगों से मच्छरों से बचने के लिए पूरी आस्तीन के कपड़े पहनने एवं सोते समय मच्छरदानी का उपयोग करने की अपील की है। उन्होंने कहा कि बुखार होने पर निकट के स्वास्थ्य केंद्र पर रक्त की जांच एवं उपचार कराएं तथ डॉक्टर की सलाह पर ही दवाईयों का सेवन करें।

**मलेरिया व डेंगू के लक्षण और बचाव**

तेज बुखार से ठंड लगना, उल्टी दस्त, तेज पसीना आना तथा शरीर का तापमान 100 डिग्री सेंटीग्रेड से ऊपर बढ़ जाना, सिर दर्द, शरीर में जलन तथा बुखार आने पर शरीर में कमजोरी होना ही मलेरया के लक्षण है। मलेरिया से बचाव के लिए घर के आसपास पानी को एकत्रित न होने दे। सोते समय मच्छरदानी का प्रयोग करे। बुखार होने पर तुरंत जांच कराएं, अगर जांच में मलेरिया पाया जाता है तो पूरे 14 दिन तक गोली खाएं। डेंगू बीमारी की शुरूआत तेज बुखार और सिरदर्द व पीठ में दर्द से होती है। शुरू के दिनों में शरीर के जोड़ों में दर्द होता है। आंखे लाल हो जाती है। डेंगू बुखार दो से चार दिनों तक होता है, उसके बाद शरीर का तापमान धीरे-धीरे अपने आप नॉर्मल होने लगता है। बुखार के साथ-साथ शरीर में खून की कमी होने लगती है। डेंगू से बचने के लिए मच्छरों के प्रकोप से बचना चाहिए।



रेवाड़ी। यात्रियों को नशे से दूर रहने की सलाह देती पुलिसकर्मी। फोटो : हरिभूमि

### जीआरपी ने नशे के दुष्प्रभावों से अवगत कराया

**रेवाड़ी।** पुलिस अधीक्षक रेलवेज हरियाणा राजेश कालिया के मार्गदर्शन में जीआरपी की ओर से नशे के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है। रविवार को जीआरपी एसएचओ भूपेन्द्र सिंह के नेतृत्व में महिला एएसआई रेखा कौशिक व एचसी पूनम ने युवाओं को नशे से दूर रहने तथा खेलों से जुड़ने के लिए प्रोत्साहित किया। अभियान के माध्यम से जीआरपी का उद्देश्य लोगों को नशे की बुराइयों से अवगत कराना तथा नशे के आदी युवाओं को समाज की मुख्य धारा में लाना है। इस अवसर पर एएसआई रेखा व एचसी पूनम ने कहा कि नशा एक ऐसी बुराई है, जिसमें व्यक्ति अपना अनमोल जीवन समय से पहले ही बर्बाद करके मौत का शिकार हो जाता है।

**सार्वजनिक सूचना**

खंड नाहड़ जिला रेवाड़ी की ग्राम पंचायत कारोली के जोहड़ की मछली पालन हेतू सार्वजनिक रूप से बोली दिनांक 26-06-2024 को प्रातः 10-00 बजे गांव के पंचायत घर में लगाई जाएगी। बोली लगाने के इच्छुक ठेकेदार पंचायत घर में पहुंच कर बोली में भाग लें।

हस्ता/-शर्मिला
सरपंच, ग्राम पंचायत कारोली

## खबर संक्षेप

### घर के बाहर खड़ी बाइक ले गए चोर

**डहीना।** कंवाली गांव से चोर रात को एक मकान के बाहर खड़ी बाइक चोरी कर ले गए। पुलिस शिकायत में सुभाष ने बताया कि उसने अपनी बाइक रात को घर के बाहर खड़ी की थी। सुबह जब वह उठकर घर से बाहर आया तो उसे बाइक नहीं मिली। गांव में काफी पूछताछ और छानबीन करने के बाद भी बाइक का कोई पता नहीं चला। पुलिस ने चोरी का केस दर्ज करने के बाद जांच शुरू कर दी।

### संगवाड़ी गांव में घर के बाहर खड़ी बाइक चोरी

**कसोला।** संगवाड़ी गांव से घर के बाहर खड़ी एक बाइक चोरी हो गई। गांव निवासी सोनू ने कसोला पुलिस को दर्ज शिकायत में बताया कि उसने अपनी बाइक घर के बाहर खड़ी की थी। मौका पाकर चोर उसकी बाइक चोरी कर ले गए। उसने आसपास बाइक का पता लगाने के प्रयास किए, लेकिन बाइक का कोई सुराग नहीं मिला। पुलिस ने चोरी का केस दर्ज करने के बाद जांच शुरू कर दी।

### दहेज उत्पीड़न मामले का आरोपी गिरफ्तार

**रेवाड़ी।** महिला थाना पुलिस ने दहेज उत्पीड़न के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने विवाहिता की शिकायत पर दोनों पक्षों के बीच काउंसलिंग से समझौता कराने के प्रयास किए थे। बातचीत सिरे नहीं चढ़ने पर पुलिस ने गत 10 मार्च को आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया था। इस मामले में पुलिस ने महेंद्रगढ़ के कनीना निवासी विकास को गिरफ्तार किया है। बाद में आरोपी को पुलिस बेल पर रिहा कर दिया गया।

### मारपीट व धमकी देने का आरोपी गिरफ्तार

**रेवाड़ी।** थाना मॉडल टाउन पुलिस ने सरस्वती विहार में मारपीट करने और जान से मारने की धमकी देने के एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने पीड़ित पक्ष के बयान पर गत 12 जून को विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज करते हुए जांच शुरू की थी। जांच के बाद पुलिस ने इस मामले में कॉलोनी में रहने वाले मूल रूप से सुठानी निवासी धर्मेंद्र को गिरफ्तार कर लिया। बाद में आरोपी को पुलिस बेल पर रिहा कर दिया गया।

### कोर्ट से घोषित पीओ प्रोडक्शन वारंट पर

**रेवाड़ी।** थाना खोल पुलिस ने कोर्ट से घोषित पीओ को प्रोडक्शन वारंट पर लिया है। एक मामले में कोर्ट ने हिसार के किरताना निवासी यादुवेंद्र को पीओ घोषित किया था। पुलिस ने कोर्ट के आदेश पर उसके खिलाफ 20 अप्रैल 2023 को अवमानना का केस दर्ज किया था। आरोपी एक अन्य मामले में हिसार जेल में बंद था।

### आर्म्स एक्ट के तहत एक आरोपी गिरफ्तार

**रेवाड़ी।** सिटी पुलिस ने वर्ष 2021 में दर्ज हत्या के प्रयास व आर्म्स एक्ट के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। चौधरीवाड़ा में कहासुनी के बाद नरेश ने अपनी भाभी पर फायरिंग कर दी थी। पुलिस ने हत्या के प्रयास व आर्म्स एक्ट के तहत केस दर्ज किया था। गिरफ्तारी के बाद नरेश ने पुलिस को बताया था कि उसने यह पिस्तौल राजस्थान के हमीरपुर निवासी गिरराज से ली थी।

## भाड़ावास रेलवे फाटक का जल्द निर्माण करने की मांग को लेकर दिया धरना

# 18 महीने में पूरा होने वाला आरओबी निर्माण 33 महीने में भी अधूरा

■ विधायक ने दो दिन पहले ही इस समस्या को लेकर रेल मंत्री के नाम एक पत्र भी भेजा है

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

रेवाड़ी-भाड़ावास मार्ग पर रेलवे फाटक पर बन रहे आरओबी का निर्माण कार्य पौने तीन वर्ष बीत जाने पर भी पूरा नहीं हो पाया है। सितंबर 2021 में शुरू किया गया आरओबी बनने का कार्य 18 महीने में पूरा होना था, लेकिन लंबा समय बीत जाने पर भी कार्य अधूरा पड़ा हुआ है, जिसके कारण भाड़ावास मार्ग पर स्थित करीब 30 से 35 गांवों के लोगों व फाटक के पास स्थित चार कॉलोनियों के हजारों लोगों को परेशानी उठानी पड़ रही है। आरओबी के धीमे चल रहे निर्माण कार्य की समस्या से परेशान होकर रविवार को स्थानीय लोगों की ओर से रेलवे फाटक के पास एक दिन का धरना दिया गया। धरने पर विधायक चिरंजीव राव भी शामिल हुए और लोगों की समस्या सुनकर जिला उपायुक्त से निर्माण कार्य पूरा होने तक लोगों के आवागमन के लिए वैकल्पिक रास्ता देने की अपील की। विधायक ने दो दिन पहले ही इस समस्या को लेकर रेल मंत्री के नाम एक पत्र भी भेजा है। विधायक राव ने कहा कि फाटक के उस पार जाने वाले 30 गांवों के लोगों व कॉनोनिवासियों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इंसान का आखरी सफर भी मुश्किल हो गया है। लोगों को श्मशान भूमि पर अंतिम संस्कार करने के लिए भी शवयात्रा को पांच किलोमीटर सफर तय करके ले जाना पड़ रहा है। निर्माण कार्य के चलते करीब 150 दुकानदारों का काम भी ठप्प पड़ा हुआ है। किसी दुर्घटना या मरीज को इमरजेंसी में भी अस्पताल ले जाने के लिए भी घूम कर जाना पड़ता है।




रेवाड़ी। आरओबी के पास धराना देते स्थानीय लोग तथा भाड़ावास रेलवे फाटक पर अधूरा पड़ा आरओबी निर्माण कार्य। फोटो : हरिभूमि

### धीमे आरओबी निर्माण से बढ़ी लोगों की परेशानी

भाड़ावास रेलवे फाटक पर आरओबी का निर्माण कार्य सितंबर 2021 में शुरू किया गया था और इसे 18 महीनों में बनाकर जनता को समर्पित किया जाना था, लेकिन आज पौने तीन वर्ष बीत जाने के बाद भी इसका निर्माण अधर में लटका हुआ है, जिससे होने वाली परेशानियों का खमियाजा इस रास्ते से आवागमन करने वाले 30 गांवों के लोगों व चार कॉलोनिवासियों को भुगतना पड़ रहा है, लेकिन विभाग की ओर से कार्य में कोई गति नहीं दी जा रही है। स्थानीय नागरिकों ने सरकार को चेतावनी देते हुए कहा कि यदि तीन महीने में निर्माण कार्य पूरा नहीं हुआ तो विधानसभा चुनावों का बहिष्कार किया जाएगा। लोगों ने कहा कि इस मार्ग पर रेलवे फाटक के घंटों बंद रहने के कारण लोगों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता था। काफी प्रयासों के बाद आरओबी मंजूर होने से लोगों में काफी खुशी थी, लेकिन पौने तीन वर्ष में भी कार्य पूरा नहीं होने पर खुशी परेशानियों में बदल गई है। दुकानदारों का कामकाज ठप्प हो गया। अधूरे निर्माण के कारण अब फाटक 24 घंटे बंद रहता है, जिस कारण एक तरफ से दूसरी तरफ जाने के लिए घूमकर जाना पड़ रहा है। जान जोखिम में डालकर बाइक सवारों व स्कूली बच्चों को रेलवे लाइन क्रॉस करनी पड़ती है। कई बार रेलवे लाइन क्रॉस करते समय लोग घायल हो चुके हैं। उन्होंने सरकार से आरओबी का निमार्ण जल्द से जल्द पूरा करके राहत देने की मांग की है।



रेवाड़ी। राहगीरों को मीठा पानी पिलाते हुए युवा। फोटो : हरिभूमि

# गंगा दशहरा पर्व पर छबील लगाकर किया धर्म-कर्म

■ शहर से बड़ी संख्या में श्रद्धालु गंगा दशहरा के अवसर पर पवित्र नदी गंगा में डुबकी लगाने के लिए हरिद्वार, गढमुक्तेश्वर व प्रयागराज पहुंचे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

गंगा दशहरा प्रमुख पर्व माना जाता है। रविवार को क्षेत्र में गंगा दशहरा की धूम रही। शहर में भी गंगा दशहरा का धूमधाम से आयोजन किया गया। शहर से बड़ी संख्या में श्रद्धालु गंगा दशहरा के अवसर पर पवित्र नदी गंगा में डुबकी लगाने के लिए हरिद्वार, गढमुक्तेश्वर व प्रयागराज पहुंचे। लोगों की ओर से शीतल व मीठे जल की छबीलें भी लगाई और आने-जाने वाले राहगीरों को शीतल जल का सेवन कराकर पुण्य भी कमाया। ऐसी मान्यता है कि इस दिन भागीरथ ने अपनी कठिन तपस्या से मां गंगा को धरती पर आने के लिए विवश कर दिया था, जिसके बाद वह भगवान शिव की मदद से ज्येष्ठ माह के शुक्ल पक्ष की तिथि को धरती पर अवतरित हुईं थीं। तभी से हिंदू धर्म में गंगा दशहरा का त्योहार मनाया जाने लगा। गंगा दशहरा पर गंगा स्नान और दान-पुण्य का बड़ा विशेष महत्व है। मां गंगा की विधिवत पूजा-अर्चना कर श्रद्धालु गंगा नदी में डुबकी लगाते हैं।

### श्रद्धालुओं ने मंदिर के बाहर लगाई छबील

बालाजी धर्मार्थ समिति की ओर से संचालित आजाद चौक स्थित शिव मंदिर में रविवार को गंगा दशहरा पर्व के अवसर पर छबील लगाई गई। मंदिर के पुजारी पंडित सुमन भारद्वाज की देखरेख में युवाओं ने राहगीरों को मीठा पानी पिलाकर भीषण गर्मी में राहत दी। पंडित सुमन भारद्वाज ने कहा कि सभी को शुभ अवसरों पर धर्म-कर्म करते रहना चाहिए। इस पुण्य के कार्य में राम अवतार प्रधान, जगदीश सैनी, राजकुमार, विवेक उपाध्याय, सचिन शर्मा, रोहित सेन, राहुल पांडे, जय प्रताप यादव, राहुल शर्मा, दीपक सैनी व रामप्रताप ठाकुर ने योगदान दिया।

# कलश यात्रा के साथ श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ महोत्सव प्रारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| धारूहेड़ा

रविवार को गायत्री जयंती व गंगा दशहरा पर्व पर श्रीमद भागवत कथा ज्ञान यज्ञ महोत्सव के शुभारंभ पर भव्य कलश यात्रा निकाली गई। कलश यात्रा कस्बे की परिक्रमा कर प्राचीन जोहड़ सोहना रोड स्थित शिव मंदिर पर सम्पन्न हुई। पंडित दिनेश राजस्थानी ने सभी कलश का विधिवत रूप से पूजन किया। उन्होंने कहा कि जिल महिलाओं ने सिर पर कलश धरण किया है, उनको कथा में जरूर आना चाहिए। नगरपालिका उप चेयरमैन अजय जांगिड़ और समाजसेवी विकास शर्मा ने हरी झंडी दिखाकर कलश यात्रा को रवाना किया। कलश यात्रा में भगवान हनुमान व महाकाल सहित अनेक झांकियां शामिल रही। कथा वाचक व्यास पंडित दिनेश राजस्थानी रोजाना दोपहर 2 से 6 बजे तक कथा वाचन करेगें। इस मौके पर मुकेश सैनी, नानक खोला, उपेन्द्र यादव, मेजर सैनी, रोहित शर्मा, सुनील सैनी, मनीष सोनी,आशीष शर्मा, रोहित यादव, उपेन्द्र तिवारी, राजेश शर्मा व सुरेन्द्र शर्मा सहित सैकड़ों श्यामप्रेमी उपस्थित थे।



रेवाड़ी। कलश यात्रा निकालते हुए महिलाएं। फोटो : हरिभूमि

# बच्चों में बचपन में पड़े हुए अच्छे संस्कार, जीवन की हर परिस्थिति में लाभदायकः डॉ. दीपक

■ सहसंयोजक प्रवीन ठाकुर ने सभी को एरोबिक्स का अभ्यास कराया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

हमारा परिवार संस्था की ओर से रविवार को पंजाबी धर्मशाला में बच्चों में संस्कार निर्माण का कार्यक्रम 'आओ छुट्टियों को बच्चों के लिए कुछ स्पेशल बनाएं' का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि आईएमए के जिला प्रधान डॉ. दीपक यादव, एसआई अजय सिंह व संस्था संयोजक दिनेश कपूर ने कहा कि जो पौधे गमले या बगीचे में उगाए जाते हैं, वह तेज हवा के आने पर बिखर जाते हैं, लेकिन जो पौधे पहाड़ों में जगह बनाकर वृक्ष बनते हैं, वह बड़े-बड़े तूफान आने पर भी गिरते नहीं है। यहीं हाल बचपन के अच्छे संस्कारों का है। बच्चों में बचपन में पड़े हुए अच्छे संस्कार, जीवन की हर परिस्थिति में लाभदायक होते हैं। बच्चों को प्रातः समय पर जागने की आदत, नाश्ते में पौष्टिक आहार की आदत, सभी के साथ विनम्र व्यवहार करने की आदत व अपने सभी काम समय पर करने की अच्छी आदत जीवन में बहुत लाभ पहुंचाती है। शिक्षाविद् प्रो. सीएलसोनी, प्राचार्य राजेन्द्र सिंह यादव, सहसंयोजक प्रवीन ठाकुर, शिक्षाविद् डा. बलबीर अग्रवाल व संस्था के प्रधान अरुण गुप्ता ने कहा कि बच्चों को प्रांरभ से सुबह उठकर प्राणायाम, व्यायाम व ध्यान करने की अच्छी आदत डाल दें तो उनका शारीरिक, मानसिक व बौद्धिक विकास तेजी से होता है। महिला प्रधान निशा सीकरी, शिक्षाविद् मधु गुप्ता व आईएमए की सचिव डॉ. नीरज ने कहा कि माता-पिता बच्चों को पर्याप्त समय दें, उनके साथ पार्क में टहलने जाएं, इससे बच्चों का व्यवहारिक ज्ञान बढ़ता है और वह जीवन में उन्नति के मार्ग पर तेजी से अग्रसर होते हैं। फादर्स-डे के अवसर पर दिव्यांश, गौरी, मायरा व औजस्वी ने पापा मेरे पापा गीत सुनाकर सबकी तालियां बटोरी। सहसंयोजक प्रवीन ठाकुर ने सभी को एरोबिक्स का अभ्यास कराया। अतिथियों को चन्द्रशेखर आजाद, सुभाषचन्द बोस के चित्र, स्मृति चिह्न व प्रशस्ति पत्र भेंट किए गए। कार्यक्रम में समाजसेवी राजेन्द्र गेरा, शिक्षाविद् देवेन्द्र कुमर, डा. प्रशांत व सुदर्शन मेहंदीरता सहित अनेक गणमान्य लोग मोजूद थे।



रेवाड़ी। कार्यक्रम में बच्चों को सर्टिफिकेट प्रदान करते आयोजक। फोटो : हरिभूमि



रेवाड़ी। खेल नर्सरी में कोच के साथ उपस्थित खिलाड़ी। फोटो : हरिभूमि

### राजकीय स्कूल सीहा में कबड्डी की खेल नर्सरी शुरू


**कुंड।** खेल विभाग की ओर से गांव सीहा के सरकारी स्कूल में दी गई कबड्डी की नई खेल नर्सरी विधिवत रूप से शुरू हो गई है। नर्सरी के कोच तथा कबड्डी के राष्ट्रीय खिलाड़ी होशियार सिंह तथा उनके सहयोगी संदीप स्टार ने नर्सरी के लिए खिलाड़ियों का चयन करके अभ्यास शुरू कर दिया है। विद्यालय के स्टाफ सचिव यशपाल आर्य ने कहा कि खेल नर्सरी से सीहा स्कूल तथा इलाके की खेल गतिविधियों को नई दिशा मिलेगी। उन्होंने बताया कि नर्सरी के लिए चयनित जूनियर खिलाड़ियों को हर माह 1500 रुपये तथा सीनियर खिलाड़ियों को 2000 रुपये खुराक भत्ता भी मिलेगा। ग्राम पंचायत अब नए सिरे से वालीबॉल तथा कबड्डी के ग्राउंड तैयार करने में जुटी हुई है तथा अगले वर्ष ग्राम पंचायत की ओर से एक और खेल नर्सरी के लिए आवेदन किया जाएगा। ग्राम पंचायत की ओर से स्कूल के खेल परिसर में घास लगाकर मिनी स्टेडियम का रूप देने की परियोजना तैयार की जा रही है। विद्यालय के प्राचार्य सत्यवीर नाहड़िया ने स्कूल को कबड्डी की खेल नर्सरी देने के लिए जिला खेल विभाग व नर्सरी को विकसित करने के लिए ग्राम पंचायत का आभार व्यक्त किया है।

# केएलपी कॉलेज के सत्रह विद्यार्थियों ने विवि की मेरिट सूची में लहराया परचम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

दिल्ली रोड स्थित किशनलाल पब्लिक कॉलेज में दिसंबर-2023 में आयोजित प्रथम सेमेस्टर परीक्षा के घोषित परिणामों में कॉलेज के 17 विद्यार्थियों ने विश्वविद्यालय की मेरिट सूची में स्थान हासिल करके कॉलेज को गौरवांवित किया है। केएलपी कॉलेज की प्राचार्या डा. कविता गुप्ता ने बताया कि परीक्षा के घोषित परिणामों की मेरिट सूची में बीकॉम की नैना ने दूसरा तथा अर्पित शर्मा ने पांचवा स्थान, बीएससी नॉन मेडिकल की सोनम ने तीसरा, बीएससी बायोटेक की पायल ने प्रथम तथा पायल ने द्वितीय, बीकॉम ऑनर्स की अपूर्वा ने तीसरा, महेश सिंह से छठा, सोनाली ने सातवां, रितिका ने आठवां, प्रयाग सिंह ने नौवां तथा मानसी बटला ने दसवां स्थान प्राप्त कर महाविद्यालय व अपने परिवार का नाम रोशन किया है। प्राचार्या ने बताया कि पत्रकारिता और जनसंचार में स्नातक डिग्री कोर्स बीए जेएमसी में आरती ने प्रथम, अंशु ने द्वितीय, भारती कौशिक ने तृतीय और योगेश ने चतुर्थ स्थान प्राप्त किया है। बीसीए की अंजू ने सातवां और मोनिका ने दसवां स्थान हासिल किया। इस सफलता पर कॉलेज कार्यकारिणी के प्रधान अमित गुप्ता, उपप्रधान संदीप खंडेलवाल, महासचिव कपिल कुमार गोयल, कोषाध्यक्ष हेमंत अग्रवाल और प्राचार्या ने विद्यार्थियों, विभागाध्यक्षों, समन्वयकों तथा शिक्षकों को बधाई दी है।


छात्रा नैना।


छात्रा पायल।


छात्रा अपूर्वा।


छात्रा आरती।


छात्रा अंशु।



रेवाड़ी। शिविर में योगाभ्यास करते योग साधक। फोटो : हरिभूमि

### सेक्टर-4 में सात दिवसीय योग शिविर शुरू

**रेवाड़ी।** शहर के सेक्टर-4 स्थित तिकोना पार्क में रविवार को सात दिवसीय योग शिविर का शुभारंभ किया गया। मीडिया प्रभारी मुकेश कुमार ने बताया कि विश्व योग दिवस के उपलक्ष्य में पतंजलि योग समिति की ओर से योग प्रोटोकॉल के प्रति आमजन को जागरूक करने के लिए अभ्यास सत्र का आयोजन किया जा रहा है। पतंजलि योग समिति जिला प्रभारी दयाराम आर्य ने प्रार्थना मंत्र के साथ योग शिविर का विधिवत शुभारंभ किया। उन्होंने योग प्रोटोकॉल का अभ्यास कराते हुए कहा कि योग प्राणायाम के नियमित अभ्यास से हम अपने तन मन को स्वस्थ रख सकते हैं। योग शिक्षक विक्रम सिंह ने योग प्राणायाम के साथ ताड़ासन व वृक्षासन सहित अनेक आसनों का अभ्यास कराया। पूर्व प्रधानाचार्य श्रद्धानंद सैनी ने कहा कि नियमित रूप से की गई छोटी-छोटी योग क्रियाएं बड़ी से बड़ी बीमारियों को कोसों दूर रखती है। इस अवसर पर सहयोग शिक्षक नरेश कुमार, एस एन यादव, श्रद्धानंद, रामकुमार, जयपाल, पवन कुमार, बिरेंद्र सिंह, कमल, अर्चना, मंजू व अंशु उपस्थित थे।

# कबाड़ की दुकान में आग लगाने का केस दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुंड

बस स्टैंड से कुछ दूरी पर एक कबाड़ की दुकान में लगी आग के बाद पुलिस ने तीन लोगों के खिलाफ आगजनी का केस दर्ज किया है। आरंभिक जांच में पुलिस ने मामले को संदिग्ध मानते हुए जमीनी विवाद के कारण रंजिश में केस दर्ज कराना स्वीकार किया है। मामले की विस्तृत जांच की जा रही है। पुलिस शिकायत में पाली निवासी रविकांत ने बताया कि 13 जून को उसकी कबाड़ की दुकान में आ लग गई थी। आग लगने से पहले दुकान के पास बैठकर तीन लोग शराब पी रहे थे। उसने आरोप लगाया कि इन्हीं लोगों ने दुकान को आग लगाई है। पड़ोस में लगे सीसीटीवी कैमरे में आग लगाने वाले लोग नजर आ रहे हैं, परंतु उनकी पहचान नहीं हो रही है। उसने बताया कि आग से उसका करीब 3 लाख रुपये का सामान जल गया। फायर ब्रिगेड ने मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पाया था। इससे पूर्व भी उसकी दुकान का ताला तोड़कर चोरी की वारदात को अंजाम दिया जा चुका है।

### पुलिस ने मामले को संदिग्ध बताया

आरंभिक जांच में पुलिस ने मामले को संदिग्ध करार दिया है। पुलिस के अनुसार शिकायतकर्ता ने जो दुकान किराए पर ली हुई है, उसका किरायानामा का समय पूरा हो चुका है। दुकान खाली कराने को लेकर दोनों पक्षों में विवाद चल रहा है। एक मामला कोर्ट में पहले से ही विचाराधीन है। साथ ही पुलिस ने मामले की विस्तृत जांच कराने का निर्णय लिया है, ताकि सच्चाई सामने आ सके।

**राजनीति** | रेवाड़ी हलके में चुनावों से पहले देखने को मिल सकती है टिकट की जंग

# चुनावों की घोषणा से पहले अरविंद का धमाका, ऑफिस खोलने के साथ टीम उतारी मैदान में


■ भाजपा के वरिष्ठ नेता का शीर्ष नेतृत्व से टिकट का इशारा मिलने का दावा

नरेन्द्र वत्स ▶▶| रेवाड़ी

प्रदेश में विधानसभा चुनावों की घोषणा में अभी काफी समय बचा हुआ है, परंतु पर्यटन निगम के चेयरमैन व वरिष्ठ भाजपा नेता डा. अरविंद यादव ने इस बार हर हाल में पार्टी की टिकट पर रेवाड़ी हलके से चुनाव लड़ने की ताल ठोक दी है। टिकट के लिए 100 फीसदी कॉन्फिडेंट नजर आ रहे अरविंद ने न सिर्फ कार्यकर्ताओं की टीम को प्रचार मैदान में उतार दिया है, बल्कि 19 जून को दिल्ली रोड पर चुनाव कार्यालय का शुभारंभ करने का निर्णय भी लिया है। टिकट को लेकर बेशक हालात बदल सकते हैं, परंतु फिलहाल कई दावेदारों की उम्मीदों को अरविंद यादव ने बड़ा झटका दे दिया है। डा. अरविंद यादव पार्टी के वरिष्ठ नेता हैं। वह चुनावों के दौरान वर्षों से प्रदेश व दूसरे राज्यों में पार्टी के लिए बतौर प्रचार प्रभारी की भूमिका में शामिल रह चुके हैं।

लोकसभा चुनावों से पहले चार राज्यों के विधानसभा चुनावों में वह राजस्थान के एक संभाग प्रभारी रह चुके हैं। इन लोकसभा चुनावों में पार्टी ने उन्हें प्रदेश कार्यालय का प्रभारी बनाया था। गत विधानसभा चुनावों में भाजपा की गुटबाजी खुलकर सामने आने के बाद अरविंद को पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष पद से हटा दिया गया था, लेकिन मनोहर सरकार बनने के बाद उन्हें हरको बैंक के चेयरमैन की जिम्मेदारी दी गई थी। केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह समर्थकों ने इसका विरोध भी किया था, परंतु सीएम के निर्णय में कोई बदलाव नहीं आया था। दूसरे कार्यकाल के रूप में उन्हें पर्यटन निगम के चेयरमैन की जिम्मेदारी सौंपी गई। अरविंद पिछले विधानसभा चुनावों में भी इस हलके से टिकट की मांग कर रहे थे, परंतु राव इंद्रजीत सिंह के हस्तक्षेप के कारण वह टिकट से वंचित रह गए थे। इस बार अरविंद ने समय से पहले चुनाव की तैयारियां शुरू करते हुए पार्टी में टिकट के कई दावेदारों की बेचैनी बढ़ा दी है।


अरविंद यादव।


सुनील मुसेपुर।


अनिल रायपुर।


अजय पटौदा।

### राव समर्थकों को लग सकता है झटका

दो गुटों में विभाजित भाजपा के केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह समर्थकों को उम्मीद है कि इस बार भी टिकट आवंटन के दौरान उनके आका का पूरा हस्तक्षेप रहेगा। यही कारण है कि अनिल रायपुर और अजय पटौदा के रूप में राव खेमे से टिकट के दो नए दावेदार सामने आ चुके हैं। पूर्व प्रत्याशी सुनील मुसेपुर को राव के जरिए पार्टी की टिकट मिलने का पूरा भरोसा है। अरविंद की समय से पहले पूरे आत्मविश्वास से बढ़ी सक्रियता टिकट के कई दावेदारों की नींद उउाने का काम कर सकती है।

### हाईकमान चुनाव लड़ाने के लिए तैयार

लंबे समय से पार्टी के लिए इमानदारी और निष्ठा से कार्य किया है। इस बार चुनाव लड़ने की पूरी तैयारी है। पार्टी के शीर्ष नेता भी इस बार मुझे चुनाव लड़ाने का मन बना चुके हैं। टिकट को लेकर इस बार कोई संशय की स्थिति मेरे साथ नहीं रहेगी। चुनाव कार्यलिय का शुभारंभ करने के साथ ही कार्यकर्ताओं की टीम को हलके में प्रचार के लिए उतारा जा रहा है।

-डा. अरविंद यादव, चेयरमैन, पर्यटन निगम।